हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

10 निगम व पुलिस की कार्रवाई पर भारी पड़ ...

11 विस घेराव को लेकर पाटन में कांग्रेसियों ने की ...




## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल के पीछे मिला नवजात का शव

**भिलाई।** जिला अस्पताल दुर्ग के पीछे नाली में नवजात शुशु का शव मिला है। शनिवार को कचरा बीनने वाली महिला ने नाली में उसे बहता देखा तो पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात का शव मेडिकल कालेज भिजवाया। घटना दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि भ्रूण 6 माह का लग रहा है। घटना को लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी देखी जा रही है। पीएम के बाद ही नवजात के मौत का कारण पता चल पाएगा। जहां शव मिला है, वह जिला अस्पताल के मदर एंड चाइल्ड यूनिट के ठीक पीछे का हिस्सा है। इससे पुलिस को संदेह है कि डिलीवरी के बाद नवजात के शव को नाली में फेंक गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अस्पताल कर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। मामला सामने आने के बाद अस्पताल परिसर और आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई थी।

### भेलवा तालाब में डूबने से बालक की मौत

**भिलाई।** भेलवा तालाब में नाबालिग की डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का शिनाख्त कैंप-1 निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है।गुरप्रीत अपने दोस्तों और भाई के साथ तालाब गया था। वो बाहर गार्डन में बैठा हुआ था। दोस्तों को नहाता देखकर वो भी तालाब में नहाने उतर गया। तालाब में उतरते ही गहराई में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। परिजनों के मुताबिक शुरू में वह तालाब के किनारे बैठकर फोन पर बात कर रहा था। उसके दोस्त तालाब में नहा रहे थे। दोस्तों को नहाता देखकर गुरप्रीत भी तालाब में उतर गया। वह तालाब में उतरा, कुछ ही देर में वह पानी में फंस गया। बताया जा रहा है कि तालाब के अंदर उसका पैर किसी चीज में फंस गया था, जिसकी वजह से वह बाहर नहीं निकल सका। जब तक दोस्तों और आसपास मौजूद लोगों को उसकी हालत का पता चला, तब तक काफी देर हो चुकी थी। तुरंत उसे इलाज के लिए भिलाई के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, ट्विनसिटी में हल्की बारिश का बन रहा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पश्चिमी विक्षोभ का असर ट्विनसिटी में दिखाई देने लगा है। रविवार को तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। अधिकतम तापमान 39 डिग्री से नीचे आकर 38 डिग्री सेल्सियस आ गया। इधर सुबह से ही आसमान पर हल्की बदली छाई रही। जिसकी वजह से तेज व तीखी धूप का एहसास लोगों को नहीं हुआ। शाम को स्थिति यह थी कि वातावरण में भारी नमी आ गई। जिसकी वजह से नम हवाएं चलने लगी। मौसम विभाग ने सोमवार को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं पूरे सप्ताहभर तापमान में गिरावट आएगी। एक से चार डिग्री सेल्सियस तक यह गिरावट आ सकती है।

## एक सप्ताह तक गिरेगा पारा, 35 डिग्री सेल्सियस तक आएगा तापमान

### इस तरह बन रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पंजाब और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक, 5.8 कि पर स्थित द्रोणिका के साथ 70 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। अभी उपउष्णकटीय बंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की गति काफी बढ़ गया है।



### इस तरह सप्ताहभर का रहेगा तापमान

16 मार्च- 37 डिग्री सेल्सियस
17 मार्च - 37 डिग्री सेल्सियस
18 मार्च- 37 डिग्री सेल्सियस
19 मार्च- 36 डिग्री सेल्सियस
20 मार्च- 36 डिग्री सेल्सियस
21 मार्च- 35 डिग्री सेल्सियस

### आज से हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश में 16 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवाएं आने के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे जिले संभावित है।

## रिसाली निगम में सफाई ठेका को लेकर रार

# सफाई ठेका : एमआईसी के आधे मेंबरों ने संकल्प पर हस्ताक्षर करने से किया किनारा

## रिसाली निगम को नगरीय प्रशासन व विकास विभाग का आदेश, प्लेसमेंट एजेंसी ही करेगी सफाई का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

रिसाली निगम में सफाई ठेका का विवाद फिर गहरा गया है। 13 मार्च को एमआईसी ने सफाई ठेका को निगम द्वारा संचालित करने का संकल्प पारित किया है। हैरत की बात यह है कि इस संकल्प में आठ एमआईसी मेंबरों में से आधे ने किनारा कर लिया। इसलिए चार एमआईसी मेंबरों ने पारित संकल्प पर हस्ताक्षर ही नहीं किए। वहीं विपक्ष पर बैठी भाजपा ने भी एमआईसी के इस निर्णय को विधि सम्मत नहीं माना है। खास बात यह है कि वर्तमान ठेका एजेंसी का कार्यकाल दो महीने निगम ने बढ़ाया था और इसकी अवधि भी पूरी हो गई है। ऐसे में अब रिसाली के पूरे वार्ड में सफाई व्यवस्था अचानक से बंद हो जाएगी।


सफाई को लेकर रिसाली निगम की एमआईसी में बड़ा फैसला
सफाई व्यवस्था व निविदा में देरी, अब 40 वार्डों की सफाई स्वयं करवाएगा रिसाली निगम

### इस नियम की वजह से विधि सम्मत नहीं

रिसाली निगम के गठन के पूर्व भिलाई निगम में यह समाहित रही। वर्ष 2016 में किवार कंपनी आई। जिस कपंनी को ठेका दिया जाता है उसमें यह शर्त रहती है कि ठेका कर्मियों का पीएफ भी वह शासन के खाते में जमा करवाएगी, लेकिन इस कंपनी ने पीएफ नहीं जमा किया। इस स्थिति से बचने के लिए नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने यह आदेश जारी किया कि एजेंसी के माध्यम से ही श्रमिक रखे जाएंगे। 23 अप्रैल 2020 को भी नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने यह आदेश निगमों को जारी किया है। इस आदेश के हिसाब से रिसाली निगम को सफाई कार्य हेतु केवल 288 कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल श्रमिक रखना है। प्लेसमेंट एजेंसी से ही यह कार्य किया जाएगा। किसी अन्य विधि से नहीं।

### दो महीने ही बढ़ाई गई ठेका की अवधि

सफाई की निविदा हर बार एक साल के लिए निकाली जाती है, वर्ष 2020-21 और 2022- 23 में निविदा को 2 वर्ष तक कार्य इसी महापौर परिषद ने कराया गया। वर्ष 2024-25 में हुई निविदा की अवधि पूर्ण होने के पश्चात दो महीने की अतिरिक्त कार्य करने की स्वीकृति महापौर परिषद के द्वारा दी गई। इधर हाईकोर्ट का यह निर्देश है कि कोई भी निगम ठेकेदार या स्वसहायता समूह से ही कार्य करवाए। यदि नगर निगम इस कार्य को अपने हाथ में लेता है तो नगर निगम के पास मात्र 288 कर्मचारियों की स्वीकृति है एवं वर्तमान में अभी लगभग 600 कर्मचारी रहते हैं। शेष कर्मचारियों का क्या होगा। यह बड़ा सवाल है।

### जानिए 8 करोड़ का कार्य 12 करोड़ कैसे पहुंचा

नगर पालिका निगम रिसाली में वर्ष 2022-23 2023-24 ,में लगभग 288 कर्मचारी सफाई कार्य में संलग्न थे। इस अवधि में साफ सफाई कार्य का ठेका लगभग 8 करोड़ में दिया गया। महापौर परिषद की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि वार्डों में साफ सफाई का कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहा है जिसके कारण वार्डों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए पूर्व में प्रत्येक वार्ड में 6 से 8 सफाई कर्मचारी रहते थे किंतु वर्ष 2024-25 की निविदा में महापौर परिषद ने यह निर्णय लिया कि कि प्रत्येक वार्ड में 13 कर्मचारी रहेंगे जिस कारण से निविदा दर 8 करोड़ से बढ़कर 12 करोड़ हुई। वर्ष 2020 से 2024 तक कलेक्टर दर में लगभग कर्मचारियों की मजदूरी में 10 बार बढ़ोतरी हुई। सामान्य सभा में इसी तर्क पर ठेका कार्य पारित भी किया गया।

### समय बढ़ाया लेकिन टेंडर नहीं किया



हमने वर्तमान ठेका एजेंसी एलमेक का कार्यकाल दो महीने के लिए बढ़ाया था। शर्त यह थी कि यदि 1 माह के भीतर नई निविदा प्रक्रिया संपन्न नहीं होती है, तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की अनुशंसा की जाएगी। दुर्ग कलेक्टर से शिकायत भी हमने की। फिर से एमआईसी में कार्यकाल बढ़ाने के लिए रखा गया। कितनी बार समय बढ़ाएंगे। 9 मार्च को जैम पोर्टल में आदेश हुआ है। हमारी कोशिश रहेगी कि सप्ताहभर के भीतर किसी स्वसहायता समूह से यह कार्य करवाएं।

**-शशि सिन्हा,** महापौर रिसाली निगम

### एमआईसी का निर्णय विधि सम्मत नहीं



महापौर द्वारा एमआईसी में जो निर्णय लिया गया है वह नियम के विरुद्ध है। पिछली बार भी निगम सरकार ने अपने हाथों में सफाई व्यवस्था को लिया था। परिणाम यह रहा कि पूर्व आयुक्त ने बिना किसी जांच के ठेका एजेंसी के मालिक को उनके निजी बैंक के बचत खाते में पैसा ट्रांसफर किया। तत्कालीन ठेका एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किया गया था। ऐसा नहीं है की महापौर और एमआईसी मेम्बर को इसकी जानकारी नहीं थी। निगम में साफ़सफाई के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन कर्मचारी नहीं है।

**-शैलेंद्र साहू,** नेता प्रतिपक्ष रिसाली निगम

### संकल्प हमारे जाने के बाद संशोधित



एमआईसी की बैठक में मेयर और आठ मेंबर शामिल हुए। बैठक के दौरान सफाई को लेकर संकल्प पारित किया गया वह दूसरा था। हमारे जाने के बाद संकल्प नए सिरे से तैयार किया गया है। इसलिए हम चार पार्षदों के हस्ताक्षर संकल्प पत्र में नहीं है। नगरीय प्रशासन व विभाग के आदेश के हिसाब से एमआईसी का निर्णय नहीं है।

**-सनीर साहू,** एमआईसी मेंबर रिसाली निगम

# हादसों का हॉट स्पाट देखने पहुंचे एसएसपी


एसएसपी विजय अग्रवाल हॉट स्पॉट का निरीक्षण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जामगांव आर थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एसएसपी विजय अग्रवाल पहुंचे। जहां हादसों को स्थल को चिन्हित कर हॉट स्पॉट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में हादसा संभावित स्थानों का जायजा लिया और विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए है। एसएसपी के मुताबिक जिन जगहों पर हादसा ज्यादा हो रही हैं। वहां चेतावनी और सूचना देने वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। वाहन चालकों को पहले से जानकारी मिल सके। तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर और रंबल स्ट्रप्सि लगाने के लिए भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश भी दिए गए। पिछले एक साल में जामगांव आर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें कई ग्रामीणों की जान भी गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने ग्राम

- किकिरमेटा, बेल्हारी, कुम्हली और पौहा की सड़कों का किया दौरा किया
- सड़क सुरक्षा से जुड़े जरूरी उपाय करने के दिए निर्देश

किकिरमेटा, बेल्हारी, कुम्हली और पौहा की सड़कों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर जाकर सड़क की स्थिति, मोड़ों, दृश्यता और ट्रैफिक की स्थिति को देखा। एसएसपी ने सड़क पर अंधे मोड़ों और संवेदनशील स्थानों पर रिफ्लेक्टर कैट आई और चेतावनी संकेत लगाने के निर्देश दिए है। मौके पर एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा, अएसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, थाना प्रभारी जामगांव आर और पुलिस कर्मी पहुंचे थे।

# इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेक्टर क्षेत्र में रविवार सुबह एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल सेक्टर में मनोहर मेडिकल के सामने करीब सुबह करीब 8.45 बजे की है। जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुरेश रत्नानी का इलेक्ट्रिक स्कूटर मनोहर मेडिकल के सामने खड़ा था। इसी दौरान स्कूटर में अचानक आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दुर्ग अग्निशमन कार्यालय को दी। सूचना



मिलते ही दुर्ग अग्निशमन विभाग की एक दमकल टीम मौके के लिए रवाना की गई। टीम के पहुंचने तक स्कूटर में आग तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया और कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रित कर ली। आग बुझाने के लिए एक अग्निशमन वाहन का पानी उपयोग किया गया।

# मारपीट मामले में छावनी थाना के दो आरक्षक लाइन अटैच

**भिलाई।** छावनी थाने में पदस्थ आरक्षक राकेश चौधरी ने स्टेशन परिसर में खडे. भाजपा नेता के भाई नागेश को बंदूक की बट से मारा और कॉलर पकड़कर खींचने लगा। इसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसके बाद मामले में संज्ञान लेते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने आरक्षक राकेश चौधरी को लाइन अटैच कर दिया है। गौरतललब है कि भाजपा नेता आनंद साहू के भाई नागेश पर बंदुक की बट से मारने का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। उसके बाद पुलिस अफसर ने उसे लाइन अटैच किया है। वीडियों में जिस तरह आरक्षक की दबंगई दिख रही है उससे पता चल रहा है कि छावनी थाना में पगस्थ रहे राकेश चौधरी पर अंकुश नहीं था। आरक्षक अमित तिवारी को भी लाइन अटैच किया गया है।

# धर्म की शिक्षा देने आए अधेड़ ने मासूम से की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई में एक विशेष संप्रदाय के धर्म शिक्षक ने एक 8 साल की मासूम से दुष्कर्म की कोशिश की है। जब यह जानकारी बच्ची के माता पिता को पता चली तो उन्होंने आरोपी की जमकर धुनाई की और मामले की शिकायत पुलिस में की। वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा बीएनएस 74 और 75(1) व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक बिहार राज्य के दरभंगा जिला निवासी मुस्लिम सम्प्रदाय का एक 65 वर्षीय बुजुर्ग नजीबुल्ला खान धर्म की शिक्षा देने के लिए

### मामला दर्ज कर जांच कर रही पुलिस





यहां आया था। वह पिछले कई दिनों मदरसे के पास रहता था और अपने सम्प्रदाय के बच्चों को धर्म की तालीम दे रहा था। इसी दौरान उसने पड़ोस में खेलने वाली एक बच्ची को देखा तो उसे चॉकलेट का लालच देकर बुला लिया। इसके बाद अकेले ले जाकर बच्ची के कपड़े उतने की कोशिश की। इससे बच्ची काफी घबरा गई और चिल्लाते हुए घर भाई और अपने माता पिता को पूरी जानकारी बताई। इसके बाद बच्ची के माता पिता ने आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा। मामला बढ़ते बढ़ते वैशाली नगर थाने पहुंचा। पुलिस ने तुरंत मामले की गंभीरता के देखते हुए मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी का कहना है कि मामला संवेदनशील है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सुपेला स्थित प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान में गहराया गैस सिलेंडर का संकट

# मूक-बधिर शाला के छात्र पढ़ाई छोड़ निकले लकड़ी खोजने

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

गैस सिलेंडर की किल्लत ने सुपेला स्थित प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान के बच्चों के सामने गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। हालात ऐसे हैं कि परीक्षा की तैयारी में जुटे बच्चों को अब रसोई के लिए लकड़ी तलाशनी पड़ रही है, ताकि उनका भोजन बन सके।

जानकारी के मुताबिक संस्थान में एलपीजी गैस खत्म हो गई है और नया सिलेंडर न तो बुक हो पा रहा है और न ही उपलब्ध हो रहा है। इसके चलते रसोई का काम ठप होने की स्थिति बन गई है। यहां करीब 40 मूक-बधिर बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, जिनके लिए दिन में तीन समय भोजन तैयार किया जाता है। इस समय बच्चों की परीक्षाएं नजदीक हैं, इसलिए वे अपने घर भी



नहीं जा पा रहे हैं और संस्थान में ही रहकर तैयारी कर रहे हैं।

लेकिन रसोई गैस खत्म होने के बाद भोजन बनाने के लिए ईंधन का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में बच्चों ने खुद ही समाधान तलाशने की कोशिश की। उन्होंने सुपेला के सर्कस मैदान के आसपास से सूखी लकड़ियां इकट्ठा कीं, ताकि चूल्हा जलाकर खाना बनाया जा सके। पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी के बीच बच्चों को इस तरह लकड़ी ढूंढने जाना पड़ रहा है, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण व्यवस्था प्रभावित



संस्थान में रहने वाले ये बच्चे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग दूरदराज जिलों से आते हैं। वे यहां रहकर अपनी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी करते हैं। सामान्य परिस्थितियों में उनके भोजन की व्यवस्था रसोई गैस से होती है, लेकिन गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई है। यहां का सिलेंडर एक-दो दिन में समाप्त होने वाला है। विशेष आवश्यकता वाले इन बच्चों के लिए भोजन की नियमित व्यवस्था होना जरूरी है। परीक्षा के समय इस तरह की परेशानी सामने आना चिंताजनक है।

### प्रशासन को अवगत कराया गया है

पहले 15-15 दिन में सिलेंडर बुक होता था लेकिन अब 25 दिन बाद वाले नियम ने परेशानी खड़ी कर दी है। एक दो दिन में सिलेंडर खत्म होने वाला है। इस परेशानी से प्रशासन को अवगत कराया गया है।

**-राजेश पाण्डेय,** प्राचार्य, प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान, सुपेला



**खबर संक्षेप**

### डेयरी व्यवसाय के लिए गोकुल नगर में रियायत दर पर मिलेगी जमीन

**दुर्ग।** डेयरी व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने तथा इच्छुक हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव स्थित गोकुल नगर में रिक्त भूखण्डों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा इस योजना के तहत निगम सीमा क्षेत्र के भीतर व्यवसाय कर रहे डेयरी व्यवसायियों के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न परिवार मूलक एवं समूह मूलक रोजगार योजनाओं के उन हितग्राहियों को भी अवसर प्रदान किया जा रहा है, जो डेयरी व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक गोकुल नगर क्षेत्र में रियायती दर पर भूखण्ड आबंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा इच्छुक हितग्राहियों से 26 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा बताया गया है कि गोकुल नगर से आगे पोटिया तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र में आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

### बोरई इंडस्ट्रीयल क्षेत्र 1 वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** जिले में स्थित मेसर्स सुविधि इस्पात संयंत्र प्रा.लि., वर्कस बोरई इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर रसमड़ा के परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को प्रशासन ने एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह निर्णय सुरक्षा एवं औद्योगिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग द्वारा भी अनुसूची में दर्शित क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई थी। इन सभी अनुशंसाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के तहत राज्य सरकार द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अभिजीत सिंह के आदेशानुसार संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# नगपुरा-गनियारी में माता कर्मा जयंती पर प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

**कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर हुए शामिल, धूमधाम से मनाई गई जयंती**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ग्राम नगपुरा और गनियारी में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। जयंती के मौके पर कलश यात्रा निकाली गई और नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान भक्त माता कर्मा और दानवीर भामाशाह के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महाप्रसाद खिचड़ी भी ग्रहण की। समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी किया गया। अपने संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कर्मा जयंती पूरे श्रद्धा भाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और उनके उपदेश हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं।



### कर्मा के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं

माता कर्मा के आदर्श समाज में करुणा, समानता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि माता कर्मा बाई की गौरव गाथा सदियों से जनमानस में श्रद्धा और भक्ति के साथ अंकित है। उनके जीवन से जुड़े लोकगीत और कथाएं इस बात का प्रमाण हैं कि माता कर्मा बाई के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष खिलेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष दशरथ साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू सहित समाज के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व नागरिक उपस्थित थे।



## तालाब किनारे बनाई अवैध झोपड़ी, शाम को शराब पीकर करते हैं हंगामा

# निगम व पुलिस की कार्रवाई पर भारी पड़ रहे हैं नकटा तालाब के अतिक्रमणकारी

**भिलाई निगम जोन-2 के अंतर्गत वार्ड-22 का मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 कुरूद ढांचा भवन में स्थित नकटा तालाब में एक ऐसा अतिक्रमणकारी है, जो निगम और पुलिस प्रशासन के ऊपर भारी पड़ रहा है। कुछ महीने पहले तक इस तालाब की मेड़ के ऊपर कई लोगों ने बेजा कब्जा करके मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया था। निगम की जोन कमिश्नर येशा लहरे और भवन अनुज्ञा विभाग की टीम ने मिलकर इस बेजा कब्जा को तोड़ा और सभी को पीएम आवास का लाभ भी दिया। इसके बाद भी यहां एक ऐसा कब्जेदार है, जिसका पक्का मकान टूटने के बाद उसने पीएम आवास भी ले लिया और फिर से तालाब के ऊपर झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। हालत यह है कि इसके यहां आने वाले लोग आए दिन तालाब के किनारे बैठकर शराब पार्टी करते हैं और फिर आपस में गाली गलौज कर वहां का माहौल खराब करते हैं।

इसकी शिकायत कई बार निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय और जोन कमिश्नर येशा लहरे से की जा चुकी है, लेकिन वो लोग अतिक्रमणकारी से इतना डरे हैं कि तालाब के ऊपर हो रहे बाकी बेजा कब्जा को तो तोड़ देते हैं, लेकिन उसके कब्जा को तोड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। निगम की इस लचर कार्यशैली के चलते आसपास के रहवासी जो निगम को हर साल लाखों को टैक्स देते हैं, वो परेशान हैं। लोगों का कहना है कि निगम को चाहिए कि वो इस पर कार्रवाई करे और अतिक्रमण करने वाली की झोपड़ी को तोड़कर वहां रखा उसका सारा सामान जब्त करे या फिर उसे आवंटित पीए आवास के पास भेजे।



### मंदिर आने जाने वालों को होती है परेशानी

इसी तालाब के ऊपर मां दुर्गा का भव्य मंदिर हैं। इस मंदिर हर दिन सुबह और शाम को सैकड़ों महिलाएं पूजा पाठ करने पहुंचती हैं। दिन के समय तो ठीक है, लेकिन शाम को यहां माहौल इतना खराब हो जाता है कि महिलाओं को यहां से आने जाने में डर लगने लगता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यहां पुलिस की गश्त पहले से कम हो गई है। पुलिस को चाहिए कि यहां अचानक राउंड मारे और शराब या गांजा पीते जाने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही महिला के झोपड़ी में बैठे लोगों का भी अल्कोहल जांच करे और यहां से इस बेजा कब्जा को निगम के साथ मिलकर हटवाए।

### खराब हो रहा है तालाब का माहौल

नकटा तालाब स्थानीय लोगों की आपसी पहल की वजह से काफी धार्मिक और रमणीय स्थल बन गया है। यहां शंभू जायसवाल और अन्य लोगों के सहयोग से तालाब के दोनो तरफ माता रानी और भोले बाबा का मंदिर बना हुआ है। दिन के समय तो यहां सब ठीक है, लेकिन शाम के समय एक तरह जहां मंदिर में भजन संध्या आरती चलती है, तो वहीं तालाब के आसपास शराबियों और गांजा पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है है। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी आती है तो नशा करने वाले भाग जाते हैं और कुछ देर बाद फिर वहीं पर आकर जमावड़ा लगाकर बैठ जाते हैं।

# चार गांवों के ग्रामीण अंजोरा चौक पर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत माला सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं को लेकर ग्राम धनौद, अंजोरा, बिरेझर और चंगोरी के ग्रामीणों ने प्रशासन को चक्का जाम की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि भारत माला रोड निर्माण से संबंधित समस्याओं को लेकर वे पिछले दो वर्षों से प्रशासन को लगातार जानकारी दे रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में ग्राम धनौद में 11 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन भी जारी है। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से प्रशासन को सूचना दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो 16 मार्च को दोपहर 12 बजे अंजोरा चौक, दुर्ग मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान सभी ग्रामवासी अपनी लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतरेंगे। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 28 मार्च को नेशनल हाईवे अंजोरा बायपास पर बड़ा चक्का जाम किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन में ग्राम धनौद, अंजोरा, बिरेझर और चंगोरी के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

# एमएसएमई उद्योगों के सामने गंभीर चुनौती : रतन दासगुप्ता



**भिलाई।** वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय युद्धों व वैश्विक भू-राजनीतिक संघर्षों के कारण एमएसएमई उद्योगों के सामने गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं। इन अस्थिरताओं के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे में इन उद्योगों को बड़ी राहत की जरूरत है। बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव को पत्र लिखकर एमएसएमई उद्योगों के समझ आ रही परेशानियों को विस्तृत रूप से बताया है। साथ ही विशेष राहत उपाय दिलाने का अनुरोध किया है। दासगुप्ता ने बताया कि सूक्ष्म विनिर्माण उद्यम देश में जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक हैं। ये देशभर में बड़ी संख्या में कुशल एवं अर्द्ध-कुशल श्रमिकों को आजीविका प्रदान करते हैं। इनके संचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान न केवल औद्योगिक उत्पादन को प्रभावित करता है, बल्कि रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक गैसों, महत्वपूर्ण मिश्र धातु तत्वों, इलेक्ट्रोड्स तथा अन्य आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है। परिणामस्वरूप आपूर्ति में अनियमितता, कीमतों में तीव्र वृद्धि, खरीद में अत्यधिक विलंब तथा परिवहन संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं।

# जल दिवस पर जागरुकता अभियान को लेकर निगम में किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम दुर्ग में जलकार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जल कार्य प्रभारी लीना–दिनेश देवांगन की अध्यक्षता में यह बैठक जलगृह कार्यालय स्थित उनके कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें आगामी 22 मार्च विश्व जल दिवस के मद्देनजर शहर में जल जागरूकता अभियान चलाने के संबंध चर्चा कर समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर महापौर से चर्चा कर आयोजन की रूप रेखा तय करने का निर्णय लिया गया।

**जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन पर हुई चर्चा :** बैठक के दौरान सदस्यों ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और शहर में जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। समिति ने इस अवसर को जनभागीदारी से जोड़कर जल संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाने पर भी बल दिया। इस दौरान समिति सदस्य गुलाब वर्मा, पायल पाटिल, मनोज सोनी, रेखा बंजारे तथा नगर निगम के उपअभियंता विनोज मांझी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने बैठक में अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।



### टंकियों में मीटर गेज लगाने और टैंकरों के संधारण पर दिया गया जोर

बैठक में शहर में जल प्रबंधन को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। समिति के सदस्यों ने सभी जल टंकियों में पानी के स्तर की सही जानकारी के लिए मीटर गेज लगाने का सुझाव दिया, ताकि जल वितरण व्यवस्था को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही जल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए जल टैंकरों का तत्काल संधारण मेंटेनेंस करने तथा आवश्यकता अनुसार टैंकरों के लिए वाहन चालकों की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा गया।

# कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के लिए 90.70 करोड़ स्वीकृत

**अंधे मोड़ का किया जाएगा संधारण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद स्वीकृति का पत्र जारी

राज्य शासन ने कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 90 करोड़ 69 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

इस राशि से 51.40 किमी सड़क का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही 1.40 किमी लंबाई के अंधे मोड़ का पुनर्रेखन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

# दादा-दादी नाना-नानी पार्क के सामने महापौर अलका बाघमार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर अलका बाघमार ने लकवा प्वाइंट पहुंचकर व्यवस्थाओं का किया

दादा-दादी नाना-नानी पार्क के सामने स्थित लकवा प्वाइंट का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

महापौर अलका बाघमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र की सुव्यवस्थित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यहां आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख स्थलों को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ देवनारायण चंद्राकर नगर निगम पीडब्ल्यूडी प्रभारी तथा इंजीनियर हरिशंकर साहू भी उपस्थित रहे।

इस दौरान अधिकारियों ने महापौर को स्थल से संबंधित तकनीकी जानकारी देते हुए संभावित विकास कार्यों की रूपरेखा से अवगत कराया। महापौर ने क्षेत्र में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध हो।



**गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह**

# विभिन्न खेलों के खिलाड़ी किए गए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- कन्या महाविद्यालय में किया गया आयोजन

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दुर्ग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रीति साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष दुर्ग, विषिष्ट अतिथि डॉ. अजय सिंह प्राचार्य, शाव्हीयाता. स्वशासी महाविद्यालय उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की छात्राएँ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ा, रेडक्रास, राष्ट्रीय सेना योजना एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय कार्य किया है। यह पुरस्कार वितरण समारोह छात्राओं को प्रेरित करने उनकी उपलब्धियों की प्रषंसा करने एवं उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने का महत्पूर्ण अवसर होता है। मुख्य अतिथि प्रीति साहू ने छात्राओं को पे्ररित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्षन से लक्ष्य अवष्य प्राप्त होता है। अतः लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सदैव कार्य करते रहना चाहिए। विषिष्ट अतिथि डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ ही समाजिक दायित्व का भी निर्वहन करना पड़ता है, ज्ञान संघर्षो द्वारा प्राप्त होता है। असफलता के बाद ही सफलता प्राप्त होती है। अतः निष्ठापूर्वक कार्य करने से हमें मंजिल अवष्य प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाविद्यालयीन पत्रिका कैम्पस न्यूज का विमोचन किया गया।



### इन्हें मिला पुरस्कार

वार्षिक पुरस्कार समारोह में विष्वविद्यालय की प्रावीण्य सूचीं में इस वर्ष प्रथम पर अनामिका सिंह बीएससी, नेहा सिन्हा एमएससी गृहविज्ञान, युरानी चंदेल एमए गृह विज्ञान रहीं, द्वितीय पर कु. माधवी देवांगन एमएससी वनस्पति शास्त्र, कु. भूमि चन्द्राकर एमएससी प्राणीशास्त्र रही, तृतीय पर कु. आयषा खान बीकॉम, मानसी प्रसाद बीएससी. गृहविज्ञान, मनीषा प्रजापति एमए अर्थषास्त्र रही, सातवें पर कु. नोमिका साहू एमए भूगोल रहीं, आठवें पर कु. सुष्मिता पाढ़ी एमएससी रसायन शास्त्र, दसवें पर नितिषा राणा एमएससी भौतिक शास्त्र को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की कुल 32 छात्राओं ने विष्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया।

### 29.99 लाख से होंगे विकास कार्य

**दुर्ग।** कलेक्टर ने पाटन एवं विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर अंतर्गत दो विकास कार्य के लिए 29 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पाटन अंतर्गत वार्ड 7 में विप्र भवन के पास सामुदायिक भवन के प्रथम तल में भवन निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी तरह विख दुर्ग अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 पचरीपारा यादव छात्रावास के पास स्थित सामुदायिक भवन में रसोई कक्ष एवं शौचालय निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# प्रत्येक जोन के 10 बड़े बकायादारों के नाम किए जाएंगे सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली को लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन करदाताओं द्वारा लंबे समय से कर राशि जमा नहीं की गई हैं, उनके विरुद्ध अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा प्रत्येक जोन के 10 बड़े बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है। इन बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे ताकि उन्हें शीघ्र कर भुगतान के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके बावजूद यदि बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो ऐसे करदाताओं के विरुद्ध कुर्की, संपत्ति सीलबंदी सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर के सभी नागरिकों और करदाताओं से कहा है कि वे 31 मार्च से पहले अपना बकाया संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर दें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि 31 मार्च के बाद बकाया करों की वसूली 17 प्रतिशत अधिभार के साथ की जाएगी।

करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम परिसर में स्थित टैक्स काउंटर तथा सभी जोन कार्यालयों के काउंटर 31 मार्च तक शनिवार और रविवार को भी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। इसके साथ ही नगर निगम दुर्ग द्वारा ऑनलाइन संपत्तिकर भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे नागरिक घर बैठे ही अपना कर जमा कर सकते हैं।

# भखारा राल जैन समाज के अधिवेशन में चुने गए नए पदाधिकारी, सौंपे कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भखारा राल जैन समाज का 72वाँ वार्षिक सम्मेलन जैन भवन भखारा में शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का चयन हुआ। जिसमें बटरेल निवासी गौतमचंद चौरडिया अध्यक्ष एवं तर्रागोंदी निवासी रूपेश चोपड़ा कोषाध्यक्ष चुने गए। निवर्तमान अध्यक्ष यादमल गोलछा बेलहारी एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष मनोज नाहर बोरझरा ने नवीन पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपे। अध्यक्ष गौतम चंद चौरडिया ने बताया कि भखारा राल जैन समाज में धमतरी एवं दुर्ग जिले के जामगांव आर ,बटरेल बेलहारी सुरपा ओदरागहन, निपानी रानीतराई नवागांव कसही पन्दर गुजरा मर्रा,पचपेड़ी तर्रागोंदी ,भेलवाकूदा जामगांव जी,खोरपा देवरी भाठागांव कोर्रा, बोरझरा ,गातापार कुरूद सेमरा भखारा के जैन श्री संघ सदस्य शामिल होते है।

## पुत्र, पिता, दादा उम्र के लोग समाज विकास के लिए एक साथ करते है विचार मंथन

### 5 साल तक बेलहारी में ही मिलेगा विरासत का बर्तन

भखारा राल जैन समाज के इस बैठक में सकारात्मक पहल करते हुए समाज में उपलब्ध बर्तन को 5 साल के लिए स्थायित्व प्रदान करते हुए नियमों शर्तो तहत यादमल गोलछा बेलहारी को सौंपा गया। अब 5 साल तक समाज का बर्तन बेलहारी से ही मिल पाएगा। विदित हो कि पहले नवीन कोषाध्यक्ष बदलते ही बर्तन का ठिकाना नवीन कोषाध्यक्ष के अनुरूप बदल जाया करता है। इस नवीन व्यवस्था से सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त है।



### संस्कार के गिरते स्तर के कारण दुखी होने लगा है समाज

निवर्तमान अध्यक्ष यादमल गोलछा ने कहा कि समाज संस्कार का वरदानित स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज की ओर लोगो का ध्यान कम होने लगा है और संस्कार उसी क्रम में गिरने भी लगा है। आज हर परिवार वैचारिक द्वंद्व से घिरा हुआ दिखने लगा है, ऊपर से मुस्कुराकर अंदर दर्द का घूंट पीने विवश होने लगा है यह घर घर की कहानी बनकर हर किसी की जुबानी निकलने लगी है।

### तीन पीढ़ियों के विचार मंथन का अनोखा नजारा

अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया ने कहा कि तीन चार पीढ़ियों के सदस्यों का एक साथ अनोखा विचार मंथन का नजारा भखारा राल जैन समाज के वार्षिक सम्मेलन में बेबाकी के साथ देखने का नयन सुख मिलना प्रत्येक सदस्य के लिए खास उपलब्धि होती है। इसी के साथ 1955 से संस्कार विरासत में मिलते हुए 2026 का सफर कर रही है। और विरासत नवीन पीढ़ी को स्वमेव मिलती जा रही है।

### महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव राल में विचाराधीन

भखारा राल जैन समाज और महावीर जन्मोत्सव समिति जामगांव आर के सदस्य निर्मल राय सोनी ने भखारा राल जैन समाज के बैनर तले महावीर जन्मोत्सव मनाने का प्रस्ताव रख बेहतरीन तरीके से पहल किए अधिकांश लोगों से सहमति भी मिल गई किंतु विचार मंथन निर्णीत स्थिति के लिए भविष्य के गर्भ में विचाराधीन हो गई।समाज उन्नयन में अच्छे विचार के लिए लोगो ने निर्मल राय सोनी की सराहना किए।


## निधन

### सुधा वर्मा



**दुर्ग।** प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग निवासी एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय, तितुरडीह में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत सुधा वर्मा (61) का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 मार्च सोमवार को निवास से सुबह 10 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे कायस्थ सभा दुर्ग की कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य अजय वर्मा की पत्नी, अनिशा वर्मा व उच्च न्यायालय बिलासपुर में अधिवक्ता अनिकेत वर्मा की मां थीं।

### के. वेंकटराव



**भिलाई।** बीआरपी के सेवानिवृत कर्मचारी, मरोदा निवासी एवं वॉलीबॉल खिलाड़ी के. वेंकट राव (65) का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे पूर्व में बीएमवाय चरोदा में निवासरत थे। वे वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं रेलवे ट्रेन मैनेजर के. विपिन के पिता थे।

### विनायक नारायण बेहेरे



**दुर्ग।** सुभाष नगर दुर्ग निवासी विनायक नारायण बेहेरे (89 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे मध्य प्रदेश राज्य परिवहन के भूतपूर्व कर्मचारी थे। उनका अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्ति धाम के लिए निकाली जाएगी। वे अखबार विक्रेता संघ के कोषाध्यक्ष विकास बेहेरे और अतुल बेहेरे के पिता थे।

### जी कृपम्मा



**भिलाई।** जी कृपम्मा उम्र 82 वर्ष निवासी सेक्टर-4, सड़क - ईएमआर, रूम नं. 9/डी का निधन 14 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम 16 मार्च सोमवार को सुबह 11 बजे उनके निवास से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे नेहरू नगर क्रिश्चियन कब्रिस्तान में सम्पन्न किया जाएगा। वे जी आनंद, जी बाला आशीर्वादम, जी देवपाल माता थी।

## ग्रामीण साहू समाज ने मनाई भक्त कर्मा माता जयंती

# समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न गांवों में रविवार को आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। ग्राम नगपुरा, निकुम, कोनारी, कुथरेल, पोटिया, धनोरा, हनोदा एवं नगर पंचायत उतई में ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित समारोहों में शामिल होकर ताम्रध्वज साहू ने माँ कर्मा की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्री साहू ने कहा कि सभी समाज मिलकर काम करें तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। उन्होंने कहा कि समाज को एक दूसरे समाज से सीखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। जहां भी सीखने का अवसर मिले तो समाज को अपनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए रास्ते पर अनुसरण करने से समाज का विकास सुनिश्चित है। ग्रामीण अध्यक्ष गण,तहसील अध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण सहित समाजिकजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### रसमड़ा में कर्मा भवन का लोकार्पण व कर्मा महोत्सव आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रसमड़ा में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा कर्मा भवन का लोकार्पण एवं परिक्षेत्रीय कर्मा महोत्सव का आयोजन 16 मार्च सोमवार को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। इस आयोजन में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू (पूर्व गृहमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जितेन्द्र साहू (अध्यक्ष, तेलघानी बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), दयालाल साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन), चंदलाल साहू (अध्यक्ष, जिला साहू समाज जिला दुर्ग), दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), पद्मु राम साहू (अध्यक्ष, तहसील ग्रामीण साहू समाज), लक्ष्मी नारायण साहू (उपाध्यक्ष, तहसील ग्रामीण साहू समाज), प्रिया साहू (सभापति, जिला पंचायत दुर्ग), रोहित साहू (पूर्व अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा), नंद कुमार साहू (जनपद सदस्य रसमड़ा), संगीता भावन साहू अनुराधा नारायण साहू आदि शामिल होंगे।

### जामगांव आर में मनाई कर्मा जयंती



**जामगांव आर।** साहू समाज जामगांव आर द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। भव्य शोभा कलश यात्रा में समाज के नर नारी युवाओं बच्चो ने महती भूमिका निभाई।कलश यात्रा पश्चात मंचीय समारोह का आयोजन हुआ। मंच पर समाज के वरिष्ठ जनों पदाधिकारियों सहित सरपंच रूपेंद्र शुक्ला अतिथि मंच पर आसीन रहे। विविध प्रेरणादायक प्रस्तुति भी हुई।

# विस घेराव को लेकर पाटन में कांग्रेसियों ने की तैयारी, बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें प्रदेश सरकार की विफलताओं के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के आगामी रणनीति की जानकारी दी गई।

- पाटन विधानसभा स्तरीय कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

वर्तमान सरकार मनरेगा को पूर्णतः बंद करने की साजिश रच रहे उसके खिलाफ 17 मार्च को प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव का आव्हान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आश्वस्त किया गया कि पाटन के एक एक कार्यकर्ता इस विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में गत सप्ताह लगातार सूखे नशे की खेती और भाजपा के रसूखदार नेता की संलिप्ता के विरोध में आगामी प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी नवाज खान, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र साहू, पूर्व ओ एस डी आशीष वर्मा, देवेंद्र चंद्रवंशी, अशोक साहू, पुरुषोत्तम तिवारी, जयश्री वर्मा, महेंद्र वर्मा,नोमिन ठाकुर, तरुण बिजोर, मोहन साहू, संतोषी तिवारी, जयप्रकाश चंद्राकर, जवाहर वर्मा, गोपाल देवांगन, अजय सिंगार, खिलेश मारकंडे, विष्णु चंद्राकार, मनीष देवांगन, नीरज सोनी, सालिक साहू, भेदप्रकाश वर्मा एवं समस्त पाटन विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आलबरस में बच्चा चोर की अफवाह

**निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम आलबरस बीते शुक्रवार को अलसुबह बच्च चोरी की अफवाह से बड़ी संख्या में ग्रामीण की भीड़ जुट गई। मौके पर अंडा पुलिस की सजगता से मामला निपट गया। अंडा पुलिस थाना प्रभारी पारस राम ठाकुर ने बताया कि ग्राम आलबरस में बालोद जिले के जामगांव की लगभग 35वर्षीय मानसिक विक्षिप्त महिला को सुबह गांव में देखते ही बच्चा चोर की झूठी अफवाह फैला गई। पुलिस की सजगता से महिला को परिवार के सुपर्द किया गया,। ग्रामीणों व क्षेत्र वासी को अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा किसी अफवाह से बचे, वहीं मोबाइल में फोटो, वीडियो बनाकर वायरल ना करे। संदिग्ध परिस्थिति होने पर तुरंत पुलिस व डायल 112की सहायता लेवें। वही फर्जी कॉल, स्पैम कॉल, बैंक, ओ टी पी सहित कोई भी पर्सनल जानकारी किसी भी अज्ञात ,अनजान नंबर पर शेयर करें।

## अंचल की खबरें

### विरोध प्रदर्शन में उतरे कांग्रेसी



**उतई।** शासन की गोधाम योजना शुभारंभ के निमंत्रण कार्ड में कांग्रेस पार्टी की जनपद सदस्या झमित गायकवाड का नाम नहीं होने की विरोध में कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौपा। अपने ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा कि शासन की गोधाम योजना की की शुरुआत ग्राम उमरपोटी में होनी है थी जबकी जनपद सदस्य का कहना है कि यह ग्राम उमरपोटी में पहले से ही गोधाम बन गया और भूपेश बघेल इनका उद्घाटन भी कर दिया है। उसी में लीपापोती कर फिर कार्यक्रम शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनपद सदस्या झमित गायकवाड का नाम नहीं दिया गया ,न ही निमंत्रण भेजा गया जबकि वह स्थानीय जनप्रतिनिधि है। कार्यक्रम स्थल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ,दिवाकर गायकवाड, डिकेंद्र हिरवानी , सत्य प्रकाश कौशिक, प्रहलाद, धर्मेन्द्र बंजारे ,वर्मा ,वीरेंद्र गोस्वामी ,टिकेंद्र ठाकुर 'मनीष साहू ,नारायण गायकवाड , टीकम डोंडे, मुकेश साहू, चेतन लाल ,बी आर बंजारे, महिला सदस्य अनीता बारले , पूर्णिमा बारले ,पूर्णिमा कुर्रे, कुंती यादव, सरोज टंडन और जे आर सोनवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ठेठवार यादव समाज को मिला भवन



**अंजोरा।** अंजोरा मे विगत वर्षो से जारी मांग पूरी हो गई है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने यादव ठेठवार समाज भवन स्वीकृति के लिए 10 लाख प्रदान किए हैं। क्षेत्र की जनपद सदस्य संगीता साहू व समाज प्रमुख तीरथ यादव सहित कार्यकर्ता ने शनिवार को विधायक निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अंजोरा मंडल के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जिला भाजपा मंत्री गिरीश साहू, उपसरपंच माखन साहू, पूर्व उपसरपंच जीतू देवांगन, पंच श्यामू साहू, धनेश्वर साहू, पंच डाकवर देशमुख, पंच टिकेश्वर देशमुख, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# जूनियर छात्रों ने नम आंखों से दी सीनियर्स को विदाई, साझा किए अपने यादगार पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्टी।



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोडेगांव ननकट्टी में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर साथियों को नम आंखों से विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- बोड़ेगांव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का भावुक विदाई

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्रों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य और नाटक की आकर्षक प्रस्तुति दी गईं, जो पूरे वातावरण को भावुक और उत्साहपूर्ण बना दिया। कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्रताप सिंह धनकर ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में निरंतर मेहनत करने, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने पूर्व छात्रों को हमेशा परिवार का हिस्सा मानता है और उनकी सफलता में हमेशा सहभागी रहेगा। जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर साथियों के साथ गीत और नृत्य प्रस्तुत कर यादगार पल साझा किए। विदाई के क्षणों में कई छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गईं, जिससे माहौल भावुक हो गया। कार्यक्रम में सोहनलाल मरकाम, अपर्णा चोपड़ा, राधिकारमन सिन्हा, बृजेश मिश्रा, ललित ठाकुर, अनीता मिश्रा, विमलराज भारती, रवि सेन, संध्या सिन्हा, प्रगति जैन, हेमलता सिन्हा सहित विद्यालय परिवार शामिल हुआ।

## फागुन झांकी व गायन स्पर्धा का आयोजन

**अण्डा।** ग्राम मासाभाट में एकता नवयुवक मंडल के तत्वावधान में दो दिवसीय फागुन झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन अतिथि सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी उपस्थित थे। उपसरपंच तुला राम साहू सहित पंचगण पंकज पटेल, शारदा पटेल, राजेश देवांगन, चमेली निषाद, देवेन्द्र देशमुख, गुंजा साहू, लेखराम साहू, सावित्री साहू, सोनिया बाई, धनेश्वरी पटेल, खिलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# अतिक्रमण बचाने गांव में किया गया वृक्षारोपण



**अहिवारा।** ग्राम सेमरिया में खसरा नंबर 1280 की शासकीय भूमि पर जय अंबे ट्रेडर्स के प्रोपराइटर उमेश कुमार जैन ग्राम सेमरिया वार्ड 11 द्वारा लगभग 200 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया है। जानकारी के अनुसार इस शासकीय भूमि पर पहले बड़े-बड़े गड्ढे थे, जिन्हें उमेश जैन ने भरवाकर वहां पौधारोपण कराया, ताकि भूमि को अवैध अतिक्रमण से बचाया जा सके। बताया जा रहा है कि इन दिनों ग्राम पंचायत क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और खसरा नंबर 1280 की भूमि पर भी कुछ अतिक्रमणकारियों की नजर थी। इसी को देखते हुए भूमि की सुरक्षा के उद्देश्य से उमेश जैन ने वहां तार फेंसिंग कर वृक्षारोपण किया। जिसमे फलदार पौधे एवं सागौन सहित अन्य वृक्षों को लगाया गया है।

## श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखा ग्रामीण अंचल में

# कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, भक्तों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम खप्परवाड़ा में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांव में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान संध्या वंदन के पश्चात कथा के प्रथम दिवस पर गौकर्ण कथा का पावन प्रसंग सुनाया गया। आचार्य पं. भूपेंद्र पाण्डेय ने श्रीमद् भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार की भावना बढ़ती है।

यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चन्द्राकर की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में ग्राम खप्परवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### सुदामा चरित्र और तुलसी दल अर्पण के साथ संपन्न हुआ भक्ति कार्यक्रम



**अंडा।** ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन रविवार को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा वाचन यशस्वी, सत्प्रखर, परम पूज्य गुरुदेव आचार्य निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने श्री सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज जी ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता सच्चे प्रेम, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। सुदामा जी अत्यंत गरीब होने के बावजूद अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे और उन्हें प्रेमपूर्वक चिवड़ा (पोहे) भेंट किया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र का बड़े प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत किया और उनकी गरीबी दूर कर दी। महाराज जी ने बताया कि सच्ची मित्रता और भक्ति में कोई स्वार्थ नहीं होता, भगवान केवल भक्त के प्रेम और भाव को देखते हैं। कथा के माध्यम से भक्तों को सादगी, समर्पण और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर द्वारिका शीला भगवान श्री विष्णु पर तुलसी दल अर्पण किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने भगवान को तुलसी अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में महाआरती, भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमानों योगिता -नंदकिशोर (परीक्षित ) के सहयोग बने रहे। बड़ी संख्या में ग्रामवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे सप्ताह चले इस धार्मिक आयोजन से गांव का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजन में महिला सेवा संगठन अध्यक्ष नयन बाई साहू, उपाध्यक्ष उर्वशी साहू,खिलेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों की जांच कर बांटी गई दवा

**भिलाई।** ईएसआईसी डिस्पेंसरी द्वारा हथखोज के निजी कंपनी में शिविर का आयोजन कर कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान लगभग 40 हितग्राहियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयों दी गई । शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा निर्देशित मासिक जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम के तहत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं हथखोज केन्द्र भिलाई द्वारा श्रमिकों की जांच करते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दी गई। इस दौरान बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भानुमति चौधरी स्टॉफ नर्स, कौशल कान्त, वासुदेव साहू और सतेन्द्र वर्मा की टीम ने सेवाएं दी।

### सेवानिवृत्त कर्मियों ने किराया वृद्धि पर जताया रोष



**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में शनिवार को सेवानिवृत कार्मिक कल्याण संघ भिलाई की बैठक हुई। इसमें संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद और सदस्यों ने प्रबंधन के बेरुखी रवैये पर रोष प्रकट किया। बैठक में प्रबंधन द्वारा थोपे गए किराए वृद्धि पर चर्चा की गई। सभी सदस्य ने किराया नहीं पटाने पर अडिग रहे। सभी केवल बिजली बिल पटा रहे हैं। समिति के लोगों ने कहा कि हम सभी इसी संयंत्र के सेवानिवृत कर्मचारी हैं। हम जिम्मेदारी समझते हैं इसीलिए बिजली बिल समय पर पटा रहे हैं। जबकि कई थर्ड पार्टी बकायादारों ने लाखों रुपए बीएसपी के रोके रखा है। सांसद विजय बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा ज्ञापन देने व चर्चा करने के बाद भी प्रबंधन जनप्रतिनिधियों की बातों को अनदेखी कर रहे हैं। नगर सेवा विभाग केवल अपने चंद मुनाफाखोर अफसरों की सेवा में लगा है। कर्मचारियों का केवल शोषण होता रहा है।

# विचारधारा, संगठन व समाज के प्रति सेवा का भाव कार्यकर्ताओं में जरूरी

**भाजपा गंजपारा सदर मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय जनता पार्टी की पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत गंजपारा सदर मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार मनोज सोनी, सरिता मिश्रा अशोक राठी, मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री गायत्री वर्मा, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, मंडल महामंत्री राकेश दुग्गड उपस्थित थे।

उद्घाटन सत्र में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग हमें तीन महत्वपूर्ण बातें सिखाता है विचारधारा की स्पष्टता, संगठन की कार्यपद्धति और समाज के प्रति सेवा का भाव।

जब ये तीनों बातें किसी कार्यकर्ता के भीतर आती हैं, तब वह केवल एक कार्यकर्ता नहीं रहता, बल्कि वह समाज परिवर्तन का माध्यम बन जाता है। इस प्रशिक्षण वर्ग में हमें केवल ज्ञान प्राप्त नहीं करना है, बल्कि इसे अपने व्यवहार और कार्यशैली में भी उतारना है। हमें संकल्प लेना है कि हम पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



### भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल नहीं : सांसद

लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण केवल एक साधारण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण की भावना से प्रेरित एक विचारधारा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का जो दर्शन दिया, वह हमें सिखाता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। उसी भावना को ध्यान में रखते हुए हमारा संगठन कार्य करता है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने एक मजबूत संगठन की नींव उसके प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ताओं पर ही टिकी होती है। मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा ने भी अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन मंडल महामंत्री राकेश दुग्गड ने और आभार मंडल उपाध्यक्ष पूनम यादव ने किया।

## दुर्ग जिले के 45851 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

# पांचवी-आठवीं परीक्षा आज से, 830 निजी स्कूलों में केंद्र प्रभारी होंगे सरकारी स्कूल के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पांचवी- आठवीं बोर्ड केंद्रीयकृत परीक्षा 16 व 17 मार्च से शुरू हो रही है। इस बार दुर्ग जिले के 45 हजार 851 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इस वर्ष कक्षा पांचवीं की परीक्षा में कुल 23,151 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें 14,480 सरकारी और 8,671 निजी स्कूलों के छात्र हैं। वहीं कक्षा आठवीं की परीक्षा में 22,700 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनमें 15,486 सरकारी और 7,216 निजी स्कूलों के छात्र शामिल हैं। खास बात यह है कि इस परीक्षा में निजी स्कूलों के केंद्र प्रभारी सरकारी स्कूलों के शिक्षक रहेंगे। जिला शिक्षा विभाग ने कक्षा पांचवीं के लिए कुल 1077 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। कक्षा आठवीं के 728 परीक्षा केंद्र में परीक्षा संपन्न करवाई जाएगी। दुर्ग, पाटन और धमधा तीनों ब्लॉक में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्रों में सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। पेयजल, बिजली, शौचालय, पंखे, सफाई आदि का जायजा ब्लॉक स्तर पर नियुक्त अधिकारियों ने लिया है। निजी व सरकारी दोनों की परीक्षा केंद्रों में मानिटिरिंग के लिए टीम भी जिला , ब्लॉक व संकुल स्तर पर गठित की गई है।

**पांचवीं की 16 और आठवीं की 17 मार्च से परीक्षा**



### परीक्षा से दो घंटे पहले थाने से लाएंगे सीलबंद प्रश्नपत्र पैकेट

जिला शिक्षा विभाग ने परीक्षा के प्रश्न पत्रों को तीनों विकासखंडों के संबंधित पुलिस थानों तक बसों के माध्यम न से सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से पहुंचा दिया है। परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गई है। 16 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र प्रत्येक परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले उपलब्ध कराए जाएंगे।

### उत्तरपुस्तिका में ही प्रश्न पूछे जाएंगे

पांचवी और आठवीं की परीक्षा के प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार करवाई गई है। परीक्षार्थियों को अलग से प्रश्न पत्र नहीं दिए जाएंगे बल्कि प्रश्नों के नीचे ही उसी उत्तरपुस्तिका में जवाब लिखना है। छोटे- छोटे प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी परीक्षा देने के बाद इसे कक्ष पर्यवेक्षक के पास जमा कर देगा। यही उत्तरपुस्तिका बंडल के रूप में पैक होगी और जांच के लिए संकुलों में जमा होंगे।

### प्रश्न पत्रों के पैकेट थाने में कैद

थाने से परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्रों का पैकेट पहुंचाने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों को जिम्मेदारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और छात्रों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति का आंकलन करना है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनकी बुनियाद मजबूत होगी। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा मजबूत होने से बच्चों का आगे का शैक्षणिक सफर बेहतर होगा। ऐसी परीक्षाएं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के लिए तैयार करती हैं और उनके भविष्य को नई दिशा देती हैं। इस बार परीक्षा को केवल औपचारिकता न रखते हुए प्रशासनिक सख्ती, तकनीकी निगरानी और पूरी जवाबदेही के साथ आयोजित किया जाएगा।

### पांचवी परीक्षा की समय सारिणी

कक्षा पाचवीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक 5वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएं सुबह 9 से 11 बजे तक होगी। गणित विषय की परीक्षा 16 मार्च सोमवार, अंग्रेजी 19 मार्च गुरुवार, हिंदी 23 मार्च सोमवार तथा पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा 25 मार्च बुधवार को होगी।

### आठवीं परीक्षा की समय सारिणी

8वीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कक्षा 8वीं की परीक्षाए सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। गणित विषय की परीक्षा 17 मार्च मंगलवार, हिंदी 20 मार्च शुक्रवार, अंग्रेजी 24 मार्च मंगलवार, सामाजिक विज्ञान 30 मार्च सोमवार, विज्ञान 2 अप्रैल गुरुवार तथा संस्कृत/उर्दू विषय की परीक्षा 6 अप्रैल सोमवार को होगी।

## वैशाली नगर विधायक की हत्या की साजिश के मामले को लेकर कांग्रेसियों ने किया सुपेला थाने का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार, को जिला एसएसपी विजय अग्रवाल के नाम थाना प्रभारी सुपेला को ज्ञापन सौपा है। जिसमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वयं की हत्या के आरोपों की साजिश की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की मांग की। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सुपेला थाना पहुंचकर थाना प्रभारी के समक्ष अपनी बात रखी। अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने बताया कि जिला एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से पूरी भीड़ के सामने अपनी जान को खतरा बताया है। उन्होंने साजिश रचने का आरोप भी लगाया है। विधानसभा में यह मामला उठाए जाने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रदेश की भाजपा सरकार और जिले के सख्त पुलिस प्रशासन में यदि एक विधायक को भय है तो पूरे क्षेत्र की जनता भयमुक्त कैसे होगी ? श्री चंद्राकर ने जिला एसपी से अनुरोध किया है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं साजिशकर्ता को पकड़ा जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, बृजमोहन सिंह,सीजू एंथोनी, इरफान खान, नरसिंह नाथ, जी राजू, सौरभ मिश्रा, सौरभ दत्ता, दिनेश पटेल, भूपेंद्र यादव, राजेश साहू, मोहम्मद रफीक, आनंद डोंगरे, दर्शन सिंह, निरंजन देसाई, वासु पांडे,विनोद यादव, रविन्द्र सिंह, अली हुसैन सद्दीकी, मोहम्मद शोएब, हीरा शंकर साहू, अजय यादव, जितेश बंजारे, श्रीमति दंतेश्वरी साहू, डी के बंजारे, राजेश चौधरी, धीमान दस गोरा, सूर्यकांत सन्हिा, अजय यादव, सतीश सोनकर, अजय दंडसेना, अभिषेक अवस्थी, रमाकांत देशलहरे, लक्ष्मण सिंह,अज्जू अहमद चौहान, तमेश साहू, एस वेंकट, सूरज शर्मा, शशिकांत साहू, दीपक राजपूत, सलमान खान, प्रशांत कुमार, हीरा पाल,अशोक रामटेक, रूपचंद गुर्जर, युवराज चौरसिया, अमरजीत,किशन यादव, चंद्रशेखर गवई समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# अम्बेडकर भवन से लाखों के सामान चोरी फिर भी ना निरीक्षण ना एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए अम्बेडकर भवन से लाखों रुपए का सामान चोरी हो चुका है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक ना तो किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया है और ना ही पुलिस थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है।

- **वार्ड 9 में 2.20 करोड़ की लागत से बना था भवन**

जानकारी के मुताबिक वार्ड 9 में करीब 15 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में 2.20 करोड़ रुपए की लागत से इस अम्बेडकर भवन का निर्माण किया गया था। उद्घाटन के बाद से ही भवन की देखरेख पर खास ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण अब इसकी हालत खंडहर जैसी हो गई है। अज्ञात लोगों ने भवन से पंखे, लाइट और बिजली के तार चोरी कर लिए हैं। इसके अलावा दरवाजों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। भवन की छत की सिलिंग को तोड़ दिया गया है और परिसर में जगह-जगह कांच के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े नुकसान के बावजूद निगम प्रशासन की ओर से अब तक थाने में



**इन समानों की हुई चोरी**

वाल फैन-18 नग
सिलिंग फैन-46 नग
ट्यूब लाइट-70 नग
बल्ब- 224 नग

### निरीक्षण के लिए गठित की गई है टीम

निरीक्षण के लिए टीम गठित की गई है। टीम एक-दो दिन के भीतर अंबेडकर भवन पहुंचकर पूरे परिसर का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान भवन से चोरी हुए सामानों का आकलन के बाद नुकसान का मूल्यांकन तैयार किया जाएगा। मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी, जिसके बाद चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

# जहर सेवन से 'पिता-पुत्र सुसाइड' मामला शवों का पंचनामा कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पिता और पुत्र के जहर सेवन कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामला दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक भोईपारा दुर्ग निवासी अरुण टंडिया और पंकज टंडिया दोनों कुछ महीने पहले ही यहां किराए के मकान में रहने आए थे। दोनों की मौत का कारण पुलिस ने आर्थिक तंगी और बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करने का संदेह जताया है। जांच में यह भी पता चला है कि पंकज को मिर्गी की बीमारी भी थी। जिस कारण वह अक्सर परेशान रहता था। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। बाप अरुण की पत्नी और पंकज की मां का निधन पहले ही हो चुका है। जबकि एक बेटी की शादी पहले हो चुकी है। शनिवार की सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों को संदेह होने पर आवाज लगाई। मगर भीतर से किसी प्रकार का कोई हलचल नहीं होने से परेशान लोगों ने सूचना पार्षद को दिया। पार्षद ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया। फिर सामने कमरे में बाप बेटे का शव पड़ा मिला। पुलिस जांच में पचा चला कि बाथरूम से एक जहर की शीशी बरामद हुई है। संदेह है कि पिता पुत्र ने जहर खाकर खाकर अपनी जान दी है। पुलिस स्थानीय लोगों से दोनों के बारे में पूछताछ कर रही है। लोगों के मुताबिक अरुण टंडिया अधिक उम्र होने के कारण ज्यादातर समय घर पर ही रहते थे। बेटा पंकज मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। पंकज की मानसिक हालत भी ठीक नहीं बताई जा रही थी। उसे मिर्गी की बीमारी भी थी, जिस कारण वह परेशान रहता था।

- **दुर्ग कतोवाली थाना क्षेत्र की घटना**



### रात को खाना खाकर सोए गए दोबारा नहीं उठे

खबरों के मुताबिक पंकज की मां की करीब छह माह पहले मौत हो गई थी। मां की मौत के बाद पिता और बेटा दोनों अकेले रहते थे। घर में खाना बनाने की व्यवस्था नहीं थी, इसलिए रोज टिफिन सेंटर से खाना आता था। शुक्रवार शाम पंकज टिफिन लेकर घर पहुंचा था। लोगों ने उसे खाना लाते देखा था। पिता पुत्र दोनों ने रात में खाना खाया और उसके बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद सुबह तक दरवाजा नहीं खुला। दोनों शव को पीएम के लिए भेजा गया। मृतक अरुण टंडिया की बेटी जगदलपुर में रहती है। पीएम कर शव को परिजनों को सौंपा गया है।

### विकास कार्य के लिए स्वीकृति

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र पाटन एवं विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर अंतर्गत दो विकास कार्य के लिए 29 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन हेतु निर्धारित क्रियान्वयन एजेंसी क्रमशः मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा।




### अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में भिलाई के प्रोफेसर और दो छात्रों का चयन



**भिलाई।** भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा संचालित अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर के एक सहायक प्राध्यापक और दो छात्रों का चयन हुआ है। कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार ठाकुर को छत्तीसगढ़ दल का नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं महाविद्यालय के दो छात्र सुशील सेठी और नीतीश कुमार गुप्ता का भी इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 20 विद्यार्थियों और 2 नोडल अधिकारियों को पूर्वोत्तर भारत के शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। प्रतिभागियों का होस्ट संस्थान असम का आईआईटी गुवाहाटी निर्धारित किया गया है। 15 से 28 मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, भाषाई विविधता और वहां के शैक्षणिक माहौल को करीब से जानने का अवसर प्राप्त करेंगे। अष्टलक्ष्मी दर्शन पहल का उद्देश्य देश के अलग-अलग राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक समझ, राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों की सांस्कृतिक विरासत और विशेषताओं से परिचित कराया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम और महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

# पीपी यार्ड में लगा एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डैमेज डिटेक्शन सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रेल परिचालन और अधिक संरक्षित, कुशल, तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तकनीकों को अपनाया है। भिलाई चरोदा स्थित पी.पी. यार्ड में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना कमीशनिंग की गई है। अत्याधुनिक प्रणाली का उद्देश्य यार्ड परीक्षण के लिए आने वाली मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली भौतिक क्षतियों की शीघ्र, सटीक पहचान करना है। जिससे मरम्मत कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा रेल संरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। एआई आधारित प्रणाली मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से वैगनों में होने वाली विभिन्न प्रकार की भौतिक क्षतियों की पहचान करती है। इसके अंतर्गत वैगनों में डोर की कमी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, अपशिष्ट माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फर्श की शीट का अभाव, बॉडी पैनल की कमी आदि जैसे दोषों का स्वतः पता लगाया जा सकता है। किसी भी रेक के यार्ड में प्रवेश करने और सिस्टम से गुजरने के पश्चात यह प्रणाली स्वचालित रूप से प्रत्येक वैगन नंबर के साथ चिन्हित दोषों की विस्तार से रिपोर्ट तैयार कर देती है। प्रणाली में उच्च गुणवत्ता वाले हाई-डेफिनिशन मशीन विजन कैमरों (6 इकाइयाँ), विशेष प्रकाश स्रोत,एक समर्पित सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है।



### डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना भी इसी दिशा में कदम है। जिससे मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली क्षतियों की पहचान अधिक तेजी और सटीकता के साथ की जा सकेगी। यार्ड निरीक्षण और मरम्मत कार्य को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे न केवल रेल संरक्षा सुदृढ़ होगी बल्कि माल परिवहन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

03




रेलवे ऑपरेटिंग टीम ने जीत दर्ज कर डीआरएम कप ट्रॉफी अपने नाम की

● भारत सरकार से कराया पेटेंट, केंद्र सरकार की अनुमति के बाद मार्केट में होगा लॉन्च

# साइंस कॉलेज में तैयार हुई अनोखी डिजिटल डिवाइज, 168 जीबी मेमोरी में स्टोर होगा स्टडी मटेरियल, सोलर से होगा चार्ज

अतुल अग्रवाल

**दुर्ग। साइंस कॉलेज दुर्ग की प्रोफेसर डॉ. अनुराधा सहस्त्रबुद्धे ने टेक्नोलॉजी के इस युग में मील का पत्थर स्थापित किया है। उन्होंने एक ऐसी पोर्टेबल एजुकेशन डिवाइस तैयार की है, जिसका उपयोग स्टडी मटेरियल और कारोबार से जुड़ी जरूरी जानकारियों को स्टोर कर रखा जाता सकता है। इसकी स्टोरेज क्षमता 168 जीबी तक है। इतना ही नहीं इसे बिजली के अलावा सोलर एनर्जी से भी चार्ज किया जा सकता है। भारत सरकार ने इस डिवाइस को पेटेंट कर दिया है। जल्द ही इसे मार्केट में अलग-अलग प्लेटफार्म में लॉन्च करने की तैयारी है। इस डिवाइस के जरिए एजुकेशन टूल्स और असाइनमेंट को व्यवस्थित किया जा सकेगा। यह डिज़ाइन खास तौर पर स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेशेवर लोगों के लिए तैयार किया गया है। इसके जरिए अध्ययन सामग्री, नोट्स और असाइनमेंट को डिजिटल और भौतिक दोनों रूपों में व्यवस्थित, संग्रहित और एक्सेस किया जा सकेगा। यह उपकरण हल्का, कॉम्पैक्ट और ले जाने में आसान है, जिसमें डिजिटल डिस्प्ले मॉड्यूल, दस्तावेज रखने के कम्पार्टमेंट, वायरलेस कनेक्टिविटी और स्मार्ट सिंक्रोनाइज़ेशन जैसे फीचर्स शामिल हैं। यह डिज़ाइन उपयोगकर्ता की सुविधा, आधुनिक सुंदरता और कुशल प्रबंधन को ध्यान रखकर तैयार किया गया है।**



## ब्लू टूथ और वाई-फाई के जरिए भी होगा कनेक्ट

डॉ. सहस्त्रबुद्ध बताती हैं कि ब्लूटूथ और वाई-फाई मॉड्यूल इसे क्लाउड स्टोरेज और स्मार्टफोन के साथ सिंक किया जा सकता है। यह असाइनमेंट की समय सीमा को स्वचालित रूप से अपडेट करता है। इन-बिल्ट स्कैनर के माध्यम से भौतिक दस्तावेजों के डिजिटल संस्करण संग्रहित करता है। एक रिचार्जेबल लिथियम बैटरी है। पर्यावरण के अनुकूल चार्जिंग के लिए वैकल्पिक रूप से सौर पैनल स्ट्रिप्स जोड़ी गई है। यूएसपी सी, माइक्रोएसडी और एनएफसी पोर्ट लगा हुआ है। इसमें वायरलेस कनेक्टिविटी की सुविधा भी उपलब्ध है। एक साथी मोबाइल एप्लिकेशन व्यवस्थित सामग्रियों तक रिमोट एक्सेस प्रदान करता है।

## स्टूडेंट्स अपने नोट्स को इस डिवाइस में कर सकेंगे स्टोर

इस डिवाइस को तैयार करने वाली डॉ. अनुराधा सहस्त्रबुद्धे बताती हैं कि डिजिटल और हाइब्रिड लर्निंग के युग में छात्रों और शिक्षकों को अध्ययन सामग्री, हस्तलिखित नोट्स और असाइनमेंट जमा करने की एक व्यवस्थित प्रणाली बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पारंपरिक नोटबुक और फोल्डर अक्सर कुप्रबंधन या डेटा हानि का कारण बनते हैं, जबकि लैपटॉप या टैबलेट में भौतिक दस्तावेजों के लिए समर्पित संगठनात्मक ढांचे की कमी होती है। एक ऐसे पोर्टेबल शैक्षिक उपकरण की आवश्यकता बढ़ रही है जो डिजिटल और मैन्युअल संगठन विधियों के बीच की दूरी को कम करे। यह उपकरण एक स्मार्ट मॉड्यूलर यूनिट के रूप में डिज़ाइन किया गया है। पॉलीमर और एल्यूमीनियम मिश्र धातु जैसी टिकाऊ और हल्की सामग्री का उपयोग किया गया है। टचस्क्रीन इंटरफेस है, जो उपयोगकर्ताओं को इलेक्ट्रॉनिक नोट्स, असाइनमेंट और अध्ययन योजनाओं को संपादित और व्यवस्थित करने की अनुमति देता है।



- इतना ही नहीं इसे बिजली के अलावा सोलर एनर्जी से भी किया जा सकता है चार्ज
- इस डिवाइस के जरिए एजुकेशन टूल्स और असाइनमेंट को व्यवस्थित किया जा सकेगा

## मनोविज्ञान विभाग में अतिथि सहायक हैं डॉ. अनुराधा



*डॉ. सहस्त्रबुद्धे साइंस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की अतिथि सहायक प्राध्यापक के पद पर सेवारत हैं। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर इस डिवाइस को तैयार की है। पोर्टेबल एजुकेशन डिवाइस फॉर आर्गेनाइजिंग स्टडी मटेरियल एंड असाइन्मेंट पर पेटेंट स्वीकृत किया गया है। यह पेटेंट भारत सरकार के डिजाइन अधिनियम 2000 तथा डिजाइन नियम 2001 के अध्यायधीन प्रावधानों के अनुसार स्वीकृत किया गया है। भारत सरकार के महानियंत्रक पेटेंट डिजाइन और व्यापार चिन्ह उन्नत पी. पंडित द्वारा हस्ताक्षरित आदेश के मुताबिक डॉ. अनुराधा सहस्त्रबुध्दे एवं उनके 7 साथी शोधकर्ताओं के इस पेटेंट को स्वीकृत किया गया है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि युवा अतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा इस उपलब्धि से अन्य युवा प्राध्यापकों को भी प्रेरणा मिलेगी। इससे पूर्व भी साइंस कॉलेज के प्राध्यापकों एवं शोधाकर्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर 15 से अधिक पेटेंट प्राप्त किए हैं। इसमें देश और विदेश दोनों से स्वीकृत पेटेंट शामिल हैं।*

## लाइव इवेंट

### स्वदेशी उद्यमिता आर्थिक मजबूती का आधार, संगोष्ठी में युवाओं ने की शिरकत



**भिलाई।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी मेले का आयोजन सिविक सेंटर में किया गया है, जहां बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिवार के साथ मेले में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे है। मेले में लगे 300 से अधिक स्टॉल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जहां विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और स्थानीय उद्यमियों के उत्पाद उपलब्ध हैं। लोगों ने न केवल स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी की बल्कि परिवार के साथ मेले के मनोरंजन का भी भरपूर आनंद लिया। मेले में बने फूड जोन, ऑटोमोबाइल जोन, बच्चों के लिए झूले एवं मनोरंजन के विभिन्न साधन भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी मेले प्रांगण में स्वदेशी उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत की नींव विषय पर युवाओं के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें युवा, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच एवं

प्रांतीय समन्वक स्वालंबी भारत अभियान प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज के दौर में स्वदेशी उद्यमिता देश की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है। युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय उद्यमिता की ओर अग्रसर होकर रोजगार सृजन करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करके ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। स्वदेशी उद्यमिता का अर्थ बताते हुए कहा कि नौकरी की मानसिकता से निकलकर अपना उद्योग लगाना, कृषि क्षेत्र में अग्रणी बनना और अपना व्यवसाय या उद्योग लगाना और आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

उपस्थित युवाओं ने इस विषय पर अपने विचार भी साझा किए और स्वदेशी उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। स्वदेशी मेले में लोक संस्कृति को जीवित रखने और संस्कृति को युवाओं में समाहित करने के उद्देश्य से केश सज्जा व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। केश सज्जा प्रतियोगिता में मीना पाल, ममता देवी और मधुमिता, मेहंदी प्रतियोगिता में रमा यादव, निशि जैन, तनिष्का शर्मा विनर रही। आयोजन के दौरान राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, विधायक ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, संयोजक अजय भसीन उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में दीपेंद्र हलधर सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी।

# महिला सशक्तिकरण : पद्मश्री फूलबासन सहित 5 विभूतियों को किया सम्मनित

**भिलाई।** समभाव सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में नारी शक्ति सम्मान समारोह भिलाई निवास कॉफी हाउस के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की 5 ख्यातिप्राप्त विशिष्ट महिलाओं में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव मां बम्लेश्वरी जनहित कार्य समिति राजनांदगांव, बोन्या मुखर्जी जी एम प्रोजेक्ट बीएसपी, अश्विनी नागले अध्यक्ष महिला सहकारी बैंक सेक्टर 2 भिलाई, सुमन कन्नौजे अध्यक्ष महिला चैम्बर भिलाई, सुनीता पांडे रेडियोलॉजी जूनियर मैनेजर मेन हॉस्पिटल भिलाई सहित कई महिलाओं का सम्मान समिति की सदस्याओं द्वारा किया गया।




आयोजकों ने बताया कि यह सभी महिलाएं नारी उत्थान और समाज सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत रहती हैं। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फूलबासन बाई यादव अपनी संस्था के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं और उनके इस समर्पण और सेवाभाव ने कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं, सभी महिलाएं नारी उत्थान एवं नारी सशक्तिकरण के कार्यों से निरंतर जुड़ी हुई हैं। समभाव समाजिक सेवा समिति के जाविद हसन ने बताया कि समिति समाजिक कल्याण के हमेशा अग्रणी रही है। कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण पर के एफ एंथोनी ने गीत गाकर रंग जमाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पी के सिंह, सरंक्षक बिमान भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, आर पी नायडू सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण की अपील, फल और छायादार पौधों का किया नि:शुल्क वितरण



**भिलाई।** भिलाई में मैराथन का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर रविवार को पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई द्वारा विभिन्न प्रजातियों का निशुल्क पौधा वितरण किया गया।

इस दौरान उपस्थित जन समुदायों से पर्यावरण संरक्षण करने अधिक से अधिक पौधरोपण करने अपील की गई।पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा ने कहा कि पौधारोपण के लिए विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और फूलों का पौधा रशियन कंपलेक्स सेक्टर 7 भिलाई नगर नर्सरी से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं। इस अवसर पर पर्यावरण मित्रों द्वारा स्वच्छता ही सेवा समिति के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलकर आयोजित स्थल को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस कार्य में पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई से सियाराम कश्यप, डीपी चौधरी, मनोज चौबे, प्रेमचंद साहू, एसके सेन, दीपेश वर्मा, संजय महाजन, मारुति, शंकर सहित बच्चों ने भी सहयोग दिया।

## सिटी इवेंट

### यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया, दी आहुति



**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई के 6 संस्थापक सदस्यों से एक जानकी देवी की याद में वैदिक वातावरण के बीच शांति यज्ञ, सत्संग और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

- जिसकी मस्ती जिंदा है उसकी हस्ती जिंदा है। वरना हम सब तो जबरदस्ती जिंदा है : आचार्य डॉ. अजय आर्य

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांति यज्ञ की विधि-विधान से शुरूआत करते हुए आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री ने यज्ञ और वैदिक मंत्रों के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया भी है जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मनुष्य के मन, विचार और जीवन को भी पवित्र बनाती है। वैदिक मंत्रों की ध्वनि, यज्ञ की आहुति और सामूहिक प्रार्थना का उद्देश्य केवल दिवंगत आत्मा की शांति ही नहीं, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के मन में सकारात्मकता, संयम और सदाचार के संस्कार उत्पन्न करना भी है। इस दौरान डॉ. अजय आर्य ने कहा कि आर्य समाज की शिक्षा यह प्रेरणा देती है कि हम जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखें, ईश्वर में आस्था रखें, कर्म करते रहें और हर परिस्थिति में धैर्य व संतुलन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जीवन को खुलकर, प्रसन्नता और कृतज्ञता के साथ जीता है, वही वास्तव में जीवन के सत्य को समझ पाता है। जिसकी मस्ती जिंदा है उसकी हस्ती जिंदा है। वरना हम सब तो जबरदस्ती जिंदा है। इस अवसर पर आर्य समाज सेक्टर-6 के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, मंत्री प्रवीण गुप्ता, अरुण साहनी, रवि आर्य, किरण कपूर, सज्जन अग्रवाल, डॉ. आरती साहनी, डॉ. गीता शर्मा, गिरीश चाव, कमलेश आर्य, सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



राज्य बाल संरक्षण आयोग के द्वारा प्रदेश के 6 विश्वविद्यालयों का किया चयन

कार्नर न्यूज

# बाल संरक्षण की दिशा में रक्षक डिप्लोमा कोर्स देगा नई दिशा मिलेंगे रोजगार के अच्छे अवसर, नए सत्र से होगा शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के द्वारा नए सत्र में प्रदेश के 6 विश्वविद्यालयों में बाल संरक्षण पर आधारित एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम रक्षक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग संभाग में केवल शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में यह शुरू होगा। जिसमें सैद्धांतिक के साथ ही कार्यशालाओं, शैक्षणिक भ्रमण, प्रोजेक्ट के माध्यम से बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी जायेगी, जो भविष्य में रोजगार के अच्छे अवसर भी देगी। इसमें प्रवेश के लिए स्नातक उपाधि न्यूनतम योग्यता है। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और सचिव प्रतीक खरे ने विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में इस पाठ्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर मार्गदर्शन दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने रक्षक पाठ्यक्रम को बालसरंक्षण की दिशा में सार्थक एवं ठोस कदम बताते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी एवं सामाजिक सरोकार से संबंधित है। आज के समय में अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरुकता जरूरी है।



## यह है पाठ्यक्रम की उपयोगिता और महत्व

आयोग की अध्यक्षा डॉ. वर्णिका शर्मा ने बताया कि यह एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स है। इसमें दो सेमेस्टर होंगे। इसमें सैद्धांतिक के साथ ही कार्यशालाओं, शैक्षणिक भ्रमण, प्रोजेक्ट के माध्यम से बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी जायेगी, जो भविष्य में रोजगार के अच्छे अवसर भी देगी। आयोग के सचिव प्रतीक खरे ने बताया कि इस पाठ्यक्रम की संरचना सामाजिक कार्य, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान और विधि विषय को ले कर की गई है। भारतीय ज्ञान परम्परा के रोचक उदाहरणों के साथ उन्होंने पाठ्यक्रम की उपयोगिता और महत्व को बताया।

## बाल संरक्षण की दिशा में देगा नई दिशा

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को नए सत्र में प्रारंभ करने के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसके लिए 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें प्रवेश के लिए स्नातक उपाधि न्यूनतम योग्यता है। इस महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए आयोग द्वारा विश्वविद्यालय का चयन किये जाने पर सभी स्टाफ ने आयोग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह सार्थक और बाल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय डिप्लोमा होगा। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, कुलपति डॉ. संदीप श्रीवास्तव, समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम के साथ अधिकारी व संबंधित प्राध्यापक उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में गुरू मंदिर का भूमिपूजन पूजन



**दुर्ग।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में तीर्थ के तीर्थोद्धारक-जीर्णोद्धारक गच्छाधिपति गुरुदेव प्रतिष्ठाचार्य विजय राजयश सूरीश्वर की गुरु मंदिर का भूमिपूजन हुआ। आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय वीतरागयश सूरीश्वर एवं शासन सेविका, प्रवर्तिनी पूज्य साध्वी शवाचंयमा की मंगल वासक्षेप एवं आशीर्वाद के साथ साध्वी लक्ष्ययशा, साध्वी लब्धियशा, साध्वी आज्ञायशा की निश्रा में गुरुभक्त श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया परिवार, श्राविका सजनदेवी उगमचंद बागमार परिवार रायपुर ने विधिपूर्वक भूमिपूजन का विधान किए। मंदिर निर्माण लाभार्थी परिवार की ओर से डॉ. शुभ्रा पगारिया, दुर्गादेवी- गजराज पगारिया, उषादेवी-सुरेशकुमार बागमार ने भव्य स्नात्र उत्सव, शांति पाठ मंत्रोच्चार के साथ प्रथम कुदाली से खनन का विधान प्रारम्भ किए। कार्यक्रम में मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़, ट्रस्टी मूलचंद जैन, पन्नालाल गोलछा, पुखराज मुणोत, गुरुभक्त धर्मेश के. शाह, वंदना-महेन्द्र दुगड़, सतीष नाहर, ज्ञानचंद बैद, सुरेश जी बोहरा,सौरभ गोलछा,राजेन्द्र झवेरी, किरीट शाह, चिराग डांगी आदि तीर्थभक्त उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पूज्यपाद आचार्य भगवंत राजयश सूरी का लगभग सात माह पूर्व अहमदाबाद में पर्युषण पर्व पूर्व कालधर्म हुआ था, गुरुदेव के अग्निसंस्कार के पूर्व ही श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ के ट्रस्टीगणों ने गुरुदेव की स्मृति को अक्षुण रखने एवं तीर्थ के प्रति उपकारों की कृतज्ञता प्रगट करते हुए अद्वितीय कलात्मक गुरुमंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया था, इस गुरू मंदिर का 19 अप्रैल बैशाख सुदी द्वितीया को देशभर के गुरुभक्तों की उपस्थिति में महोत्सवपूर्वक शिलान्यास का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## समाज लाइव

# उद्योगपति मनीष पारख फोर्ब्स इंडिया के गेम चेंजिंग लीडर्स की सूची में शामिल



**दुर्ग।** शहर के उद्योगपति और मेघ गंगा ग्रुप के चेयरमैन मनीष पारख का नाम देश की प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स इंडिया द्वारा जारी गेम चेंजिंग लीडर्स की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में देश के कई प्रभावशाली और नवाचार करने वाले नेताओं को जगह दी गई है। गौरव की बात यह है कि इसमें मनीष पारख को दूसरा स्थान मिला है।

इस उपलब्धि पर मनीष पारख ने कहा कि लोगों के विश्वास का यह परिणाम है और इस भरोसे को बनाए रखने के लिए वह हमेशा कर्तव्यबद्ध रहेंगे। उनके अनुसार, साफ नीयत, सेवा भाव और निरंतर प्रयास ही किसी भी संस्था को आगे बढ़ाते हैं और इसी भावना के साथ वे अपनी टीम को लगातार प्रेरित करते हैं। मेघ गंगा ग्रुप दुर्ग शहर का एक प्रमुख व्यावसायिक समूह है, जिसकी स्थापना मनीष पारख ने की। यह समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में सक्रिय है। समूह के अंतर्गत अविश एडुकॉम, लाइफकेयर डायग्नोसिस, महावीर ज्वैलर्स, जयदीप गैस एजेंसी, डिजाइनो डिज़ाइन एनीथिंग, द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन, गेटवे ऑफ ग्लोबल एजुकेशन जैसे संस्थान संचालित हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों 2025–26 में मनीष पारख के निर्देशन में कई महत्वपूर्ण पहल भी की गईं। मोर शहर मोर जिम्मेदारी अभियान के तहत दुर्ग शहर के गांधी चौक, शहीद चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक और वाय शेप ब्रिज चौक का पुनर्निर्माण कराया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें राज्य स्तरीय धन्वंतरि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं लाइफकेयर डायग्नोसिस में आधुनिक तकनीक और नई मशीनों की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया गया है।

## धर्म लाइव

# घासीदास नगर में मना कर्मा जयंती महोत्सव, कलश यात्रा निकाली



**भिलाई।** घासीदास नगर में नगर साहू समाज के सौजन्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कर्मा जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा और भगवान मुरली मनोहर की आरती से हुई। इसके बाद ध्वजारोहण कर कलश शोभायात्रा और नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अतीशबाजी और भक्ति गीतों के साथ निकली इस यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। कई स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का पानी पिलाकर और अभिनंदन कर सम्मान किया।नगर भ्रमण के बाद कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का गुलाल, श्रीफल और शाल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड 22 की पार्षद अनीता अजय साहू और विशेष अतिथि वार्ड 23 की पार्षद उषा विनय शर्मा रहीं। इस दौरान बच्चों का रिकॉर्डिंग डांस, महिलाओं की कुर्सी दौड़ और छत्तीसगढ़ी जनउला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर साहू समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनबरसा ने की। उन्होंने बताया कि कर्मा माता के मंदिर निर्माण के बाद पिछले 18 वर्षों से समाज द्वारा हर साल कर्मा महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समाज के छंगूराम साहू, गिरीश साहू, उपाध्यक्ष अभय साहू आदि मौजूद थे।

● 25 क्विंटल आटे से बनी 1 लाख रोटी, 3 टन काबुली चने की सब्जी, 2 टन देशी घी का हलवा

# 5 सौ सेवादारों ने तैयार किया 35 क्विंटल की महाप्रसादी, हजारों भक्तों ने बाबा को चढ़ाया रोट

**भिलाई।** बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 11, जोन 2 में बाबा बालकनाथ महायज्ञ, पूजन और अनुष्ठान के चार दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं नें बाबा के दर्शन कर रोट का प्रसाद चढ़ाया और महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। जिसमें 25 क्विंटल आटे से करीब 1 लाख रोटी, 3 टन काबुली चने की सब्जी, 2 टन देशी घी का हलवा, 1 टन दाल, 2 टन टमाटर चटनी, 2 टन खिचड़ी को वगभग 500 महिला, पुरुष सेवादार बनाने में एक रात पहले से ही जुटे रहे। इस दौरान भजन गायिका वंदना धीमान द्वारा सुबह और शाम को सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु बाबा की भक्ति में नाचते-झूमते रहे।मंदिर में आयोजित महाभंडारे में 25 क्विंटल आटे से करीब 1 लाख रोटी, 3 टन काबुली चना, आलू, टमाटर प्याज एवं अन्य हरी सब्जी, 2 टन टमाटर चटनी, 4 क्विंटल उड़द एवं चना दाल, 2 टन घी, सूजी, शक्कर, सुखा मेवा सहित 4 क्विंटल हलवा और 2 टन दाल-चावल मिक्स खिचड़ी का प्रसाद बनाया गया था। जिसमें लगभग 500 सेवादारों ने मिलकर तैयार किया था। इस महाभंडारे के लिए शनिवार शाम 6 बजे से तैयारी शुरू कर दी गई थी।







### विभिन्न प्रांतों के भक्तों ने किया दर्शन

इस आयोजन में पूरे देश सहित दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई के अलावा नासिक, नागपुर, महाराष्ट्र, उड़ीसा, फरीदाबाद, मेरठ, जबलपुर के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ से भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। इस आयोजन में करीब लाखों की संख्या में लोगों के दर्शन किया और भंडारे में करीब चालीस हजार से अधिक लोगों ने महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### बाबा का विभिन्न द्रव्यों से हुआ अभिषेक

खुर्सीपार भिलाई में चल रहे 62 वें महायज्ञ एवं भंडारा के अवसर पर करीब 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव कांतिलाल शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह 5 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था, जो कि देर शाम तक चलता रहा। सुबह 9 बजे हवन करने के पश्चात भंडारा की शुरुआत की गई। इस दौरान वंदना धीमान ने भजनो से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महाभंडारे में लोग बाबा के जयकारे के साथ कतारबद्ध होकर दर्शन ले रहे थे। प्रसाद के रूप में रोटी, सब्जी , दाल, हलवा, खिचड़ी, टमाटर की चटनी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के भाई धर्मेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, दया सिंह, भूपेंद्र यादव, विनोद सिंह, पीयूष मिश्रा जी, डी सुजाता राव सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पहल

# मातृछाया में नन्हें बच्चों के लिए लैक्टोजन और डायपर किए प्रदान



**भिलाई।** दुर्ग के बोरसी स्थित सेवा भारती मातृछाया में समाजसेवा की एक भावनात्मक पहल देखने को मिली। संस्था दिशा के सदस्यों ने यहां रह रहे परित्यक्त और अनाथ दुधमुहे बच्चों के लिए लैक्टोजन-2 और डायपर भेंट किए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के पोषण और देखभाल में सहयोग देना और उनके जीवन में स्नेह व सुरक्षा का भाव पहुंचाना रहा।

मातृछाया के अध्यक्ष डॉ. सुधीर हिशीकर ने बताया कि यह केंद्र अनाथ, परित्यक्त और बेसहारा शिशुओं के संरक्षण, पालन-पोषण, शिक्षा और विधिसम्मत दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से कार्य करता है। वर्ष 2013 से संचालित इस आश्रय केंद्र में छह वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित वातावरण और ममता भरा स्नेह दिया जाता है, ताकि उन्हें एक नया परिवार और बेहतर भविष्य मिल सके। कार्यक्रम के दौरान संस्था दिशा के सदस्यों ने बच्चों के प्रति आत्मीयता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सेवा अभियान में सुजीत चक्रवर्ती, कल्याण राय, शांतनु दासगुप्ता, उत्तम डे, भास्कर देवनाथ, राजेश धारकर, नरसिम्हा राव, देबाशीष मजूमदार, जवाहर, केसी राव, बापी दास, एसके दशोरे और मोहन गिरी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संस्था दिशा की महिला सदस्य सुधा और लक्ष्मी की उपस्थिति विशेष रही। दोनों ने बच्चों को गोद में लेकर उन्हें स्नेहिल दुलार दिया और आवश्यक सामग्री सौंपते हुए उनके स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की कामना की। संस्था के सदस्यों ने कहा कि समाज के सबसे कमजोर और असहाय बच्चों तक स्नेह और सहयोग पहुंचाना ही सच्ची मानवता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

## मिलन समारोह का आयोजन

# जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी जिम्मेदारी से करें कार्य



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 35 पदोन्नत कनिष्ठ अभियंताओं के सहायक अभियंता बनने पर मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक वी के साय, मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, एम.जामुलकर, प्रांतीय अध्यक्ष एस. के. बड़गैंया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रह। भीम सिंह कंवर ने सभी अधिकारियों एवं अभियंताओं को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत बड़गैया के साथ महेश्वर टंडन, अविनाश दुबे, भूपेश वर्मा, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, तनोज मित्रा, सीमा बघेल, श्रद्धा दिल्लीवार, श्वेता वर्मा, शैलेन्द्र दुबे, शैलेश पाटले, निर्मल कुर्रे, उत्तम सोनी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। पदोन्नत सभी अभियंताओं ने कंपनी प्रबंधन के सभी अधिकारियों एवं संघ के सभी पदाधिकारिओं को प्रयास करने के लिए आभार व्यक्त किया। इंजीनियर सुरजीत कुमार गुप्ता और इंजीनियर ज्योत्सना राव ने कहा कि यह उपलब्धि सहज नहीं थी, लंबे समय तक सतत प्रयास, प्रबंधन से सकारात्मक संवाद एवं संगठन की एकजुटता एवं ट्रांसमिशन के सभी अधिकारीयों के सहयोग के परिणामस्वरूप मिली है, जिसने प्रदेश भर के अभियंताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भरा है। आयोजन में अम्बिकापुर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## श्री सत्य साई की जन्म शताब्धि वर्ष पर मैराथन का आयोजन

# रन एंड राइड में 2700 धावकों ने लगाई दौड़, एकता, प्रेम और शांति का दिया संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर श्रीसत्य साई सेवा संगठन द्वारा पूरे भारत में विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की सेवा एवं जन-जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई के जयंती स्टेडियम से आज विशाल मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें 2 हजार से ज्यादा धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया कैंपेन के अंतर्गत किया गया था। श्री सत्य साई रन एंड राइड एकता, प्रेम और शांति की भावना के कार्यक्रम में दुर्ग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, राम जन्मोंत्सव समिति युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे सहित भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के उच्च अधिकारी और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







### प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

रविवार को आयोजित इस आयोजन में अपेक्षा से अधिक उत्साह देखने को मिला। जिसमें 2700 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित खेल, संगीत तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर शहर का नाम गौरवान्वित करने वाले भिलाई शहर के विशिष्ट व्यक्तित्वों को भी सम्मानित किया गया।

### प्रतिभागियों को दिया गया ई-प्रमाणपत्र

आयोजक संदीप नायडू ने बताया कि श्रीसत्य साई रन एंड राइड किसी प्रकार की प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह शांति, एकता एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने वाला जन-जागरूकता अभियान है। यह आयोजन पारंपरिक मैराथन से भिन्न रहा, जिसमें विजय पराजय की कोई अवधारणा नहीं रखी गई थी। इसमें भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागी को स्मृति-चिह्न और सभी प्रतिभागियों को सहभागिता का ई-प्रमाणपत्र भी दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन, श्री सत्य साई सेवा संगठन तथा श्री सत्य साई ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप में शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे राउंड के चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बिलासपुर को तीन अंक और बीएसपी को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में 380 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी पहली पारी 324 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 280 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध सरगुजा के मैच में बीसीए ने 5 विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में सरगुजा पहली पारी 341 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए 280 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में सरगुजा दूसरी पारी 211 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बीसीए ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 276 रन बनाए।

### बीएसपी प्रीमियर क्रिकेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी, दर्शकों में उत्साह



**भिलाई।** भिलाई मजदूर संघ एवं बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में मैच जारी है। रविवार को पहला मैच भिलाई वॉरियर्स ने रॉयल स्ट्राइकर के विरुद्ध चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। दूसरा मैच आयरन पैंथर्स ने ओजी 11 के विरुद्ध 31 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच भीमराज मीणा रहे। तीसरे मैच में छत्तीसगढ़ टाइगर्स ने बीएसपी टाइटंस के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच धीरज रहे। चौथे मैच में रॉयल्स स्ट्राइकर ने स्नाइपर के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पांचवें मैच में जीके लाइंस ने स्नाइपर के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे। छठवें मैच में बीएसपी सुपर चैलेंजर के विरुद्ध बरली बॉयज ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दीपक खिचरिया रहे। सातवें मैच में जीके लाइंस ने ओजी 11 के विरुद्ध 5 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दिलीप रहे। आठवें मैच में सीजी 11 ने सीजी टाइगर के विरुद्ध 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच लीलेश्वर रहे। नौवें मैच में संडे 11 ने भिलाई टाइटंस के विरुद्ध 5 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच निखिल रहे। इन मैचो के दौरान बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी के शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ शर्मा, हिमाचल बेरा, आईपी मिश्रा, हरिशंकर चतुर्वेदी, गौरव, अविनाश लेगी एवं उषाकर चौधरी सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थी। आज के मैच के अंपायर महेश नुगेश्वर डेहरिया, विवेक सिंघम, भानु मुकेश, वीरेंद्र अर्जुन, स्कोरर विनोद देवघरे, महेश कुलदीप मीणा, वेंकटेश, कॉमेंटेटर, अरविंद सिंह, अभय मोहरील शाका, अभय, शिव एवं पिच क्यूरेटर आजाद अहमद एवं जीवन सिंह थे।

### बी.एस.पी. टीम हिस्सा लेगी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन में



**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 मार्च तक बोकारो में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के अलावा बोकारो इस्पात संयंत्र, राउरकेला इस्पात संयंत्र, सेलम स्टील प्लांट, भद्रावती स्टील प्लांट, बर्नपुर स्टील प्लांट आदि की टीमें भी भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम में धीरज गायकवाड,रवि नायक, राजू खलको, डॉ. सैफ अली और ई सुरेन शामिल हैं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल विभाग के प्रमुख और अर्जुन आवार्डी ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक और अभिजीत भोमिक उप प्रबंधक खेल विभाग और बी. एस. पी. बैडमिंटन क्लब के सचिव प्रवीण उपाध्याय आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी है।

## प्यूरीन की संतुलित मात्रा रखती है शरीर को सेहतमंद

# आपके भोजन में नहीं होनी चाहिए प्यूरीन की अधिकता, किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। हालांकि यदि आपके शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है।आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है।



हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

### प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान

जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है।इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं। अधिक प्यूरीन युक्त चीजों के सेवन से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा हो सकता है, जिससे मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है।

### खान-पान में करें बदलाव

कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है। हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम, ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है। शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है। फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।



## घर में जरूर लगाएं औषधीय गुणों से भरपूर ये पौधे, वातावरण रहेगा शुद्ध

हमारी प्रकृति रहस्यों से भरी है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ भी हासिल किया है वो प्रकृति से सीख लेकर ही किया है। दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको घरों में लगाने से घर में न सिर्फ सुख शांति बल्कि आप की सेहत भी स्वस्थ रहती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे पौधों के बारे में, जिन्हें घर में जरूर लगाना चाहिए.....



### एलोवेरा

एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधि से भरपूर पौधा है जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हमारी त्वचा, बालों से लेकर पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम तक, एलोवेरा शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। इसी के साथ एलोवेरा हवा को शुद्ध करने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह पौधा रात के दौरान ऑक्सीजन छोड़ने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके का काम करता है।

### नीम

घर में नीम का पेड़ लगाने से कई तरह के फायदे होते हैं। इसके पत्तों और छाल का सेवन त्वचा और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में होता है। बता दें कि नीम एक एवरग्रीन पेड़ है जो पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद करता है। यह पेड़ दिन और रात दोनों समय ऑक्सीजन देता है।

### पुदीना

पुदीना त्वचा के साथ पाचन के लिए भी लाभकारी होता है, साथ ही यह घर में ठंडक और ताजगी भी बनाए रखता है। यह पौधा बारहमासी होने के साथ उगाने और रख-रखाव में भी बहुत आसान होता है। पुदीना हमारे दांतों की देखभाल में भी बहुत फायदेमंद होता यह दांतों की कैविटी दूर कर सांसों की दुर्गंध को भी दूर करता है।

### तुलसी

तुलसी का पौधा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर सर्दी-खांसी और अन्य बीमारियों से राहत दिलाता है, और पाचन में भी सुधार करता है। तुलसी का पौधा एक प्राकृतिक ऑक्सीजन स्त्रोत है जो लगभग 24 घंटे ऑक्सीजन देता है और हवा को शुद्ध करता है।

### गिलोय

गिलोय एक अद्भुत जड़ी-बूटी है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। यह बुखार, डायबिटीज, और पाचन संबंधी समस्याएं, और यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भी मदद करता है। गिलोय का पौधा घर में लगाना बहुत आसान होता है। आप इसे बीज या कटिंग से आसानी से उगा सकते हैं।



## आलू के चिप्स बनाने की इंस्टेंट विधि, कर सकते हैं इसका सेवन

यदि आप आलू के चिप्स बनाना चाह रहे हैं तो यहां हम आपको इसकी आसान रेसिपी बताने जा रहे हैं।

इस चिप्स को तैयार करने में न तो आपको ज्यादा समय लगेगा और न ही आपके ज्यादा पैसे खर्च होंगे। तो चलिए आपको बताते हैं इंस्टेंट फलाहारी चिप्स बनाने का तरीका।

### इंस्टेंट आलू के फलाहारी चिप्स बनाने का सामान

2 बड़े आलू,सेंधा नमक,काली मिर्च पाउडर,देसी घी या मूंगफली का तेल (तलने के लिए) रखें। आलू के टिप्स को बनाना काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू की स्लाइस तैयार करनी चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आलुओं को अच्छे से धोकर छील लें। आलुओं को धोकर स्लाइसर की मदद से पतली-पतली चिप्स काट लें।

अब इन कटे हुए आलू को ठंडे पानी में थोड़ी देर के लिए भिगोकर रखें। जब स्टार्च निकल जाए तो फिर इसे छलनी में डालकर पानी निकाल दें। इसे एक से दो बार अच्छी तरह से धो लें और कपड़े से सुखा लें। जब ये पूरी तरह से सूख जाएं तो एक कढ़ाही में मूंगफली का तेल या देसी घी गर्म करें। जब तेल मध्यम गर्म हो जाए, तो उसमें आलू की स्लाइस डालें। धीमी आंच पर हल्का सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।

तले हुए चिप्स को टिशू पेपर पर निकालें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। फिर आखिर में चिप्स पर सेंधा नमक और काली मिर्च छिड़कें और इसे अच्छे से मिला लें। अब इन्हें एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके कई दिनों तक खा सकते हैं




## रेलवे ऑपरेटिंग टीम ने जीत दर्ज कर डीआरएम कप ट्रॉफी अपने नाम की

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल खेल संघ, रायपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट के महासंग्राम 23वें डी.आर.एम. कप 2026 का समापन सेकरसा मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दयानंद रहे। कार्यक्रम में मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री भंडारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ मंडल क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

फाइनल मुकाबला ऑपरेटिंग एवं वैगन रिपेयरिंग शॉप (डब्ल्यू.आर.एस.) के बीच खेला गया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में ऑपरेटिंग टीम ने ट्रैक मशीन ऑपरेशन को तथा डब्ल्यू.आर.एस. ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मैच का शुभारंभ शानदार आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के बीच हुआ।

टॉस जीतकर डब्ल्यू.आर.एस. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 9 विकेट पर 81 रन बनाए। डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से रूद्र मूर्ति ने 29 रन तथा के. साई कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। ऑपरेटिंग की ओर से ओमप्रकाश सिंह ने 15 रन देकर 3 विकेट तथा श्रीनू ने 2 विकेट हासिल किए।

82 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग टीम की शुरुआत को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि टीम आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, किंतु डब्ल्यू.आर.एस. के खिलाड़ियों की संघर्षपूर्ण खेल भावना ने मैच का रुख बदल दिया। जीत की दहलीज पर महत्वपूर्ण विकेट गिरने से मुकाबला टाई हो गया। अंतिम ओवर में अम्बिकेश गिरि की सधी हुई गेंदबाजी के सामने ऑपरेटिंग टीम जीत के लिए आवश्यक 10 रन नहीं बना सकी।

निर्णय के लिए हुए सुपर ओवर में ऑपरेटिंग की ओर से टिकेंद्र और हेमंत ने एक छक्का और एक चौके की मदद से 11 रन बनाए। जवाब में डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से साई और राजा बल्लेबाजी करने उतरे, किंतु वे लक्ष्य तक नहीं पहुँच सके और इस प्रकार ऑपरेटिंग टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

टूर्नामेंट में तीसरा स्थान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ओमप्रकाश सिंह को मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। आरपीएफ के एन. के. महाना को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा अधिकतम छक्के लगाने के लिए पुरस्कृत किया गया। ट्रैक मशीन के ओम प्रकाश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा उदित नारायण को बेस्ट इमरजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब ट्रैक मशीन के डोमेश साहू को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

इस वर्ष मंडल में कार्यरत महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु महिला दिवस के अवसर पर प्रथम महिला डी.आर.एम. कप 2026 का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में मेकैनिकल टीम ने इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। कुमारी पंकज सांगवान को उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विमेन ऑफ द फाइनल तथा विमेन ऑफ द सीरीज चुना गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में सभी अतिथियों का प्लांट भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल गर्ग ने आयोजन से संबंधित जानकारी दी।




## कार्नर न्यूज

तनाव को दूर करने और अच्छी नींद लाने में कई आयुर्वेदिक नुस्खे और आसन कारगर हैं। यहां हम आपको एक ऐसे आसन के बारे में बता रहे हैं, जिसे अगर आप सोने से पहले करेंगी, तो स्ट्रेस छूमंतर होगा और नींद अच्छी आएगी।अच्छी नींद आना और तनाव से दूर रहना, सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी है। बेशक, हेल्दी रहने का मंत्रा सही खान-पान में छिपा है। लेकिन, अच्छी नींद, खुश रहना और तनाव से दूर रहना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जो कहीं न कहीं हेल्दी डाइट से भी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप तनाव में हैं, आपका मन उदास है, नींद नहीं आ रही है, तो सही खान-पान के बावजूद आप थका हुआ महसूस करेंगे और इसका असर आपकी मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर भी साफ नजर आएगा। कई योगासन अच्छी नींद लाने और स्ट्रेस को दूर भगाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चंद्र नमस्कार इन्हीं में से एक है। सूर्य नमस्कार के फायदों के बारे में तो हम सभी जानते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है कि अगर आप शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करेंगी, तो कैसे यह आपकी मेंटल हेल्थ को फायदा पहुंचाएगा और अच्छी नींद लाने में मदद करेगा। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

## योग आपको दे सकता है सुकून भरी नींद

# दिन भर का तनाव दूर करने सोने से पहले करें यह खास आसन, झट से आ जाएगी नींद



### शाम को चंद्र नमस्कार करने से दूर होगा तनाव आएगी अच्छी नींद

शाम के वक्त अगर आप चंद्र नमस्कार का अभ्यास करेंगी, तो इससे नींद अच्छी आएगी। यह आसन मन को शांत करता है और शरीर को ठंडक देता है। जिस तरह शरीर को एक्टिव रखने के लिए सुबह के वक्त सूर्य नमस्कार फायदेमंद होता है। उसी तरह, शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करने से फायदा मिलता है। इससे डाइजेशन भी बेहतर होता है और अच्छी नींद लाने में मदद मिलती है। यह आसन स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करता है और मूड को सुधारने में मदद करता है। इससे शरीर की मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं, थकान दूर होती है और शरीर डिटॉक्स होता है। यह आसन फर्टिलिटी सुधारने में भी मदद करता है।

### कैसे करें चंद्र नमस्कार का अभ्यास?

सूर्य नमस्कार की तरह चंद्र नमस्कार भी कई योगासनों का एक समूह है। इसे करने के लिए सबसे पहले आपको प्रणामानस की मुद्रा में खड़ा होना है। सांस लेते हुए हाथों को आगे की तरफ ऊपर लाना है। अब सांस छोड़ते हुए आपको आगे की तरफ झुकना है। हाथों को फर्श पर रखिए। अब घुटनों को मोड़ें और फर्श पर हाथों और घुटनों को सीधा रखें। इसदे बाद दाएं पैर को जितना कम्फर्टेबल हो, उतना पीछे करें। दाहिने घुटने को फर्श पर झुकाते हुए ऊपर की तरफ देखें। अब सांस रोकें और बाएं पैर को पीछे करें। दोनों घुटने सीधे रहेंगे और आपका शरीर एक सीधी रेखा में आ जाएगा। सांस छोड़ना है और इसे वापिस खींचना है। आपको अपने हिप्स को एड़ी तक ले जाना है। इसके बाद हाथों को सामने की तरफ मजबूती से रखना है। इसके बाद सांस लेते हुए कोबरा पोज करें। आपके हाथ कंधों के नीचे होंगे, कोहनी और एड़ी साथ आएगी। इसके बाद उल्टे वी जैसी शेप बनाएं। एड़ी को जमीन पर टिकाएं। आपको आसमान की तरफ देखना है। इसके बाद फिर से प्रणामासन करें।



